* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

17 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 57

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


**सीमा पार से 250 आतंकी भारत में घुसपैठ की फिराक में, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में लांच पैड से बड़ी साजिश, सुरक्षा बढ़ायी गयी**






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

# शिवराज-वसुंधरा-रमन का क्या इस्तेमाल करेगी भाजपा

## ■ 10 पूर्व सांसदों की भूमिका तय करने की चुनौती भी है केंद्रीय नेतृत्व के सामने

## ■ संगठन का काम संभालने के साथ सौंपी जा सकती है दूसरे राज्यों की जिम्मेवारी

**आजाद सिपाही विशेष**

**पांच राज्यों, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में मुख्यमंत्रियों के शपथ ग्रहण के साथ ही सत्ता से सेमीफाइनल का दौर समाप्त हो गया है। इसके साथ ही अब फाइनल मुकाबले की तैयारी शुरू हो गयी है। इस सेमीफाइनल मुकाबले में भाजपा ने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त बनाने के साथ हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में मुख्यमंत्री के रूप में नये चेहरों को चुन कर सभी को चौंका दिया। मध्यप्रदेश में भाजपा ने चार बार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को हटा कर मोहन यादव को कमान दी, वहीं राजस्थान में दो बार की सीएम वसुंधरा राजे की बजाय भजनलाल शर्मा को जिम्मेदारी दी गयी। छत्तीसगढ़ में डॉ रमन सिंह के स्थान पर विष्णुदेव साय को सीएम बनाया गया। इन तीन प्रादेशिक दिग्गजों के पास अब कोई काम नहीं रह गया है। इनके अलावा इन तीन राज्यों में कई सांसदों को भी पार्टी ने विधानसभा चुनाव में उतारा था, जिनमें से 10 ने जीत भी हासिल की। इन पूर्व सांसदों की अब क्या भूमिका होगी, यह पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को तय करना है। साथ ही तीन प्रादेशिक दिग्गजों का पार्टी क्या इस्तेमाल करेगी, यह देखना भी दिलचस्प होगा। भाजपा की कार्यशैली को देख कर ऐसा तो नहीं लगता है कि पार्टी इन नेताओं को बिना किसी जिम्मेदारी के रखेगी। तो क्या इन नेताओं को संगठन की जिम्मेदारी सौंपी जायेगी या फिर दूसरे प्रदेशों के प्रभार में भेजा जायेगा, यह सवाल अभी से हवा में तैरने लगा है। क्या हो सकता है इन दिग्गजों का इस्तेमाल और भाजपा के पास क्या हैं विकल्प, आकलन कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

हाल ही में संपन्न पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा को हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में जीत मिली। जहां मध्यप्रदेश में भाजपा ने सत्ता को बरकरार रखते हुए अपनी स्थिति को और मजबूत किया, तो राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस से सत्ता छीन ली। 3 दिसंबर को नतीजे सामने आने के बाद हफ्ते भर से ज्यादा समय तक भाजपा ने मुख्यमंत्रियों ने नाम पर सस्पेंस बनाये रखा। हालांकि 12 दिसंबर आते-आते भाजपा ने तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री के चेहरे घोषित किये, जिसने सभी को चौंकाया। मध्यप्रदेश में भाजपा ने चार बार के मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान को हटा कर उनकी ही कैबिनेट में शिक्षा मंत्री रहे डॉ मोहन यादव को कमान दे दी। दूसरी ओर राजस्थान में तीन बार के प्रदेश महामंत्री रहे और पहली बार के विधायक भजनलाल शर्मा के सिर ताज सजा दिया। छत्तीसगढ़ में भी डॉ रमन सिंह की बजाय विष्णुदेव साय को सीएम बनाया गया। इस बीच सियासी गलियारों में सबसे ज्यादा चर्चा उन नेताओं की होने लगी है, जिन्हें भाजपा ने इस बार मौका नहीं दिया। इसके साथ ही चर्चा उन दिग्गज चेहरों की भी है, जो अपना चुनाव हार गये हैं। ऐसे में यह जानना दिलचस्प है कि इन दिग्गजों का इस्तेमाल भाजपा किस रूप में करेगी, क्योंकि यदि इन्हें राज्यों में छोड़ दिया गया, तो हो सकता है कि वे समानांतर सत्ता केंद्र बनाने में सफल हो जायें।

### संगठन में रहेंगे शिवराज सिंह चौहान

शिवराज सिंह चौहान ने चार बार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री पद बड़ी जिम्मेदारी संभाली। 29 नवंबर 2005 से शुरू हुआ उनका सफर 12 दिसंबर 2018 तक अनवरत जारी रहा। 2018 के विधानसभा में कम अंतर वाली हार ने उन्हें 15 महीने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री बना दिया। हालांकि, सिंधिया गुट की बगावत के कारण 23 मार्च 2020 को शिवराज को एक बार फिर प्रदेश की कमान मिली, जो 11 दिसंबर 2023 तक जारी रही। इस बार राज्य में भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले शिवराज मुख्यमंत्री नहीं बनाये गये। इसके बाद सियासी गलियारों में 64 वर्षीय शिवराज के भविष्य को लेकर कई तरह के सवाल चलने लगे हैं। इस बीच भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक निजी चैनल के कार्यक्रम में कहा कि उन्हें (शिवराज सिंह चौहान समेत पार्टी नेताओं को) नयी जिम्मेदारी दी जायेगी। वे हमारे बड़े नेता हैं। उन्हें उनके कद के मुताबिक जिम्मेदारी दी जायेगी। सियासी विश्लेषकों का कहना है कि भाजपा अब उन्हें केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है। या तो केंद्रीय मंत्रिमंडल में उन्हें जगह मिल सकती है या फिर संगठन में कोई बड़ा पद दिया जा सकता है। इससे पहले 2018 में विधानसभा चुनाव की हार के बाद उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का पद मिला था।



### भाजपा नेता नरोत्तम मिश्रा भी संगठन का काम देखेंगे

मध्यप्रदेश के चुनावी समर में जहां कइयों ने जीत का स्वाद चखा, तो कई ऐसे भी रहे, जिन्हें प्रचंड लहर में भी हार का कड़वा घूंट पीना पड़ा। शिवराज सरकार में गृह मंत्री की जिम्मेदारी निभाने वाले नरोत्तम मिश्रा अपनी परंपरागत सीट दतिया से चुनाव हार गये। हार के बाद पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा का शायराना अंदाज में पहला बयान सामने आया। उन्होंने कवि शिवमंगल सिंह सुमन की रचना की पंक्तियों को याद किया। मिश्रा ने कहा, 'क्या हार में क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत मैं। कर्म पथ पर जो भी मिला, यह भी सही वह भी सही।' इसके बाद पढ़ा, 'समुद्र का पानी उतरता देख कर किनारे पर घर मत बना लेना। मैं लौट कर आऊंगा, ये वादा है। मैं ज्यादा देर तक शांत रहनेवाला जीव नहीं हूं। लेकिन उनको अवसर जरूर देना चाहिए। मैं लौट कर आऊंगा, ये वादा है।' ऐसे में कयास लगाये जा रहे हैं कि नरोत्तम मिश्रा पांच साल अपनी सीट पर फोकस करेंगे और अगले चुनाव में वापसी की कोशिश करेंगे। पार्टी 63 वर्षीय इस दिग्गज नेता को संगठन में भी जिम्मेदारी दे सकती है। मिश्रा मध्यप्रदेश की अलग-अलग सरकारों में चार बार अलग-अलग अहम मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

### प्रदेश संगठन में रहेंगे कैलाश विजयवर्गीय

संगठन में लंबे समय से काम कर रहे कैलाश विजयवर्गीय को भाजपा ने इस बार विधानसभा चुनाव लड़ाया। कैलाश ने इंदौर-1 सीट से चुनाव लड़ा और बड़ी जीत हासिल की। कुछ वक्त तक वह भी मुख्यमंत्री पद की रेस में गिने गये। अब जब कैलाश मुख्यमंत्री नहीं बन पाये, तो वे प्रदेश संगठन में महत्वपूर्ण पद के लिए भी प्रयास कर सकते हैं। कयास लगाये जा रहे हैं कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा 67 वर्षीय इस नेता को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दे सकती है। 2015 से कैलाश विजयवर्गीय भारतीय जनता पार्टी के महासचिव के पद पर हैं। इसके पहले उन्हें पश्चिम बंगाल के राज्य प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया था, जिनके कार्यकाल में भाजपा ने तुलनात्मक रूप से 2019 के लोकसभा और 2021 के विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन किया था।

### केंद्रीय संगठन में जायेंगे प्रहलाद पटेल

शिवराज सिंह के मुख्यमंत्री नहीं बनने की स्थिति में 63 साल के प्रहलाद पटेल को भी एक बड़ा दावेदार माना जा रहा था। इन अटकलों को तब और हवा मिली, जब उन्हें लोकसभा की सदस्यता को छोड़ कर विधानसभा चुनाव लड़ाया गया और जीतने के बाद सांसद पद से इस्तीफा ले लिया गया। पहले अटल सरकार और बाद में मोदी सरकार में कुल तीन बार केंद्रीय मंत्री की जिम्मेदारी निभाने वाले पटेल अब विधायक हैं। इस वक्त पर प्रहलाद के सियासी भविष्य की ओर देखें तो, उन्हें पार्टी नयी जिम्मेदारी दे सकती है। जानकारों की मानें तो उन्हें पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण पद मिल सकता है।

### वसुंधरा राजे को मिलेगी प्रदेश संगठन की कमान

राजस्थान में मुख्यमंत्री पद की दौड़ के लिए नौ दिन तक सियासी अटकलों का दौर चलता रहा। नतीजों के बाद सबसे बड़ा सवाल यही था कि वसुंधरा राजे तीसरी बार मुख्यमंत्री बनेगीं या नहीं? हालांकि 12 दिसंबर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और दो उप मुख्यमंत्रियों, दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा के नामों की घोषणा के साथ ही सारे कयास खत्म हो गये। इसके बाद सवाल उठने लगे कि अब वसुंधरा के भविष्य का क्या होगा? सियासी गलियारों में यह भी चर्चा रही कि विधायकों के साथ बाड़ेबंदी कहीं उनके अच्छे भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव न डाल दे। इस बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि उन्हें (वसुंधरा) उनके कद के मुताबिक जिम्मेदारी सौंपी जायेगी। इसमें कयास लगा जा रहे हैं कि केंद्र में मंत्री या संगठन में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। इससे पहले भी 2018 में विधानसभा चुनाव की हार के बाद शिवराज सिंह और रमन सिंह के साथ पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी थी।

# आत्मनिर्भर भारत की कुंजी बनेगी पीएम विश्वकर्मा योजना: बाबूलाल




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम विश्वकर्मा योजना की प्रदेशस्तरीय कार्यशाला संपन्न हुई। इसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सशक्त भारत, मजबूत भारत के लिए आत्मनिर्भर भारत का निर्माण आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा चुका है। पीएम विश्वकर्मा योजना आत्मनिर्भर भारत की कुंजी बनेगी। उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके सर्वांगीण विकास की चिंता की है।

### गांव की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी : बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना में पिछड़े, दलित, आदिवासी समाज के लोग ही सर्वाधिक शामिल हैं। इस योजना से गांव, गरीब, हुनरमंद, पारंपरिक कारीगर आगे बढ़ेंगे। यह योजना उनके लिए प्रगति का सुनहरा अवसर लेकर आयी है।

### योजना को लेकर प्रधानमंत्री गंभीर हैं : नागेंद्र

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि भारत की प्राचीन कलाएं, हुनरमंद कारीगर, यहां की अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तंभ थे। गांव-गांव के इनकी कलाओं का सम्मान था। प्रधानमंत्री ने इसे गंभीरता से लेते हुए भारत की प्रगति में उनके योगदान को सुनिश्चित किया है।

### पारंपरिक कारीगरों को बढ़ावा मिलेगा : कर्मवीर

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भारत की पहचान देश के हुनरमंद पारंपरिक कारीगरों से रही है। देश में रोजगार उपलब्ध कराने में ये पारंपरिक कारीगर बड़ी भूमिका निभाते रहे। पीएम विश्वकर्मा योजना रोजगार के भी अवसर उपलब्ध करायेगी। भाजपा बिहार के प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी ने पीएम विश्वकर्मा योजना की विस्तृत जानकारी दी।

**इनकी रही उपस्थिति :** प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, विधायक बिरंची नारायण, कोचे मुंडा, अनंत ओझा, अमित मंडल, शशिभूषण मेहता, भानुप्रताप शाही, आलोक चौरसिया, नीरा यादव, किशुन दास, राज सिन्हा, केदार हाजरा, ढुल्लू महतो समेत अन्य उपस्थित थे।

# सरकार चालू सत्र में पुनः स्थानीय नीति विधेयक लायेगी: सुप्रियो

**झारखंडवासियों से किये वादे को सरकार निभायेगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि ठंड बढ़ रही है, लेकिन राजनीति गर्म हो रही है। राज्य सरकार विधानसभा के मौजूदा सत्र में फिर से स्थानीयता का विधेयक लायेगी। इस राज्य के लिए लड़ाई आदिवासी, मूलवासियों के लिए थी। ऐसे में उनके साथ इस सरकार के कमिटमेंट को जरूर पूरा किया जायेगा। सुप्रियो भट्टाचार्य ने शनिवार को झामुमो के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर राज्यपाल पर भी हमला बोला। कहा कि वर्ष 2022 में दो महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कर राज्यपाल के पास अनुमोदन के लिए भेजा गया था। इसमें स्थानीयता का मुद्दा और सरना धर्म कोड शामिल था। राज्यपाल ने स्थानीयता विधेयक को ऐसे ही लौटा दिया। इसमें जो बातें कही गयी हैं, वह भ्रम फैलाने का एक शिगूफा है।




सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि कई राज्यों में ऐसी नीति है, जहां तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नौकरियां स्थानीय के लिए तय हैं। ऐसे में यहां राज्यपाल ने पांच सालों के लिए स्थानीय को तृतीय, चतुर्थ श्रेणी में आरक्षण का प्रावधान करने और फिर इसकी समीक्षा करने की बात कर पेंच फंसाया है। सुप्रियो के मुताबिक जब हमलोग इस राज्य के लिए लड़ाई लड़ रहे थे। ऐसे में स्थानीयता के विधेयक को पांच सालों में नहीं बांधा जायेगा, सरकार चालू सत्र में पुनः इसे लायेगी। यह पूर्व में सर्वसम्मति से पारित विधेयक था। दोबारा इस विधेयक के राजभवन जाने पर राज्यपाल को इसे पारित करने की मजबूरी होगी। सुप्रियो के मुताबिक वह पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि राज्य सरकार अपने राज्य के लोगों के अधिकार के लिए किसी भी हद तक जायेगी। तय करेगी कि यहां की नौकरियों में कोई गैर झारखंडी नहीं आ सके।

# संगठन का विस्तार समाज का विकास : ज्ञान शंकर

**अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर, महामंत्री संजय चौधरी, प्रदेश संगठन मंत्री अरविंद गुप्ता ने सामूहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए प्रदेश कमेटी का विस्तार किया। कहा कि संगठन में पहले ही 25 संरक्षक, सलाहकार मंडल 14, उपाध्यक्ष 20, प्रदेश मंत्री 12, मीडिया प्रभारी 1, महामंत्री, संगठन मंत्री एवं कोषाध्यक्ष की घोषणा कर दी गयी थी और आज भी इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए परिवार में सदस्य जोड़े जा रहे हैं। साथ ही 14 जनवरी के बाद प्रदेश समिति का कुछ और विस्तार किया जायेगा। प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने बताया कि मुझे निम्न लोगों के नाम की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है ये समाज की धरोहर हैं। इनका सहयोग हमेशा मिलता रहेगा और समाज की मजबूती के लिए सदैव काम करेंगे।



### उपाध्यक्ष में इन लोगों को मिली जिम्मेदारी

प्रदेश उपाध्यक्ष राजकिशोर भगत गोड्डा, अमिताभ रक्षित दुमका, विनोद गुप्ता देवघर, तरुण गुप्ता जामताड़ा, प्रदीप साहू हजारीबाग, सुरेंद्र वर्मा गिरिडीह, गोविंद मेवाड़ रामगढ़, सुरेंद्र साहू गिरिडीह, महेश प्रसाद साहू कोडरमा, मधु गुप्ता, अर्चना गुप्ता, मनोज प्रसाद रांची, उमा प्रसाद सिमडेगा, रामानंद साहू गुमला, उमेश प्रसाद लोहरदगा, देवेंद्र गुप्ता डाल्टनगंज, अविनाश देव डाल्टनगंज, सुशील अग्रवाल लातेहार, रामदास साहू, हेमंत गुप्ता रांची।

**इन्हें बनाया गया प्रदेश मंत्री:** प्रदेश मंत्री अजीत गुप्ता पांकी, अरुण साहू गोड्डा, नीलम देवी गोड्डा, श्याम प्रसाद सुंदर रांची, राम लखन साहू टंडवा, विजय अग्रवाल धनबाद, राम मनोज साहू हटिया, राहुल चौधरी रांची, प्रमोद साहू रांची, गोपाल सोनी रांची, रमेश अग्रवाल रांची, राजकुमार मद्धेशिया गढ़वा, सह मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा, सलाहकार मंडल में डॉ विजय प्रकाश, प्रमोद कटुर, बलराम साहू, डॉ युगल प्रसाद, डॉ दिलीप सोनी, ललित चौधरी, राजीव चौधरी, संजय साहू, सुबोध जायसवाल, जैन राजकुमार अग्रवाल, पुनीत पोद्दार, उदय प्रसाद साहू, दिनेश साहू को जिम्मेवारी दी गयी है।

18 दिसंबर से कांग्रेस की क्राउड फंडिंग की शुरुआत
हर कांग्रेस पदाधिकारी को देने होंगे 1380 रुपये



### आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम

# गांव से चलेगी हमारी सरकार: हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री ने 137 योजनाओं का शिलान्यास और 94 योजनाओं का उद्घाटन किया
- 81,332 लाभुकों के बीच परिसंपत्ति बांटी




आजाद सिपाही संवददाता

**चाइबासा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हम लोग गांव-गांव जाना चाहते हैं। पूर्व में राज्य सरकार की योजना और आवाज गांवों तक नहीं पहुंचती थी, लेकिन अब गांव-गांव सरकार की योजना भी पहुंच रही है और आवाज भी। हमारी सरकार गांव से चलेगी। अब गांव-गांव, पंचायत-पंचायत शिविर का आयोजन कर किसानों, नौजवानों, छात्र-छात्राओं समेत अन्य जरूरतमंदों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। अगर वास्तव में आप सभी राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेंगे, तो राज्य समृद्धि की ओर अग्रसर होगा। राज्य सरकार ने यहां के किसानों, श्रमिकों, नौजवानों, बुजुर्ग समेत सभी वर्ग के लिए योजनाएं बनायी हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को पश्चिमी सिंहभूम जिला के मंझारी प्रखंड में आयोजित जिला स्तरीय 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ परिवार की सभी बेटियों को देने के लिए मंत्रिपरिषद की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। अब सभी बेटियों को योजना का लाभ मिलना तय हुआ है। हमने सभी बाध्यता को समाप्त कर दिया। अब बेटियां पढ़ाई नहीं छोडेंगी, अब उन्हें उच्च शिक्षा के लिए भी सरकार मदद करेगी।

मुख्यमंत्री ने सड़क, पुल, ग्रामीण बस सेवा समेत इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में सरकार द्वारा किये जा रहे कामों का जिक्र किया। इसके अलावा उन्होंने गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, अबुआ आवास योजना, पेंशन योजना, बिरसा सिंचाई योजना, पशुधन योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी-लूंगी, किसानों, महिलाओं, गरीबों, पीछड़ों के लिए योजनाएं, रोजगार आदि से लोगों को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुमारडुबी के डिग्री कॉलेज में क्षेत्रीय भाषा के शिक्षक की बहाली हेतु सरकार निर्णय लेगी। मानकी मुंडा द्वारा मानदेय बढ़ाने की मांग की गयी है। इस मामले पर भी सरकार की नजर है। कार्यक्रम में मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता और जोबा माझी, विधायक दीपक बिरुआ, निरल पूर्ति, दशरथ गागराई, सुखराम उरांव और सोनाराम सिंकू समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# गांधी परिवार के एटीएम थे धीरज साहू: धर्मेंद्र प्रधान

साहब का बयान लोगों के गले नहीं उतर रहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी के बाद मिली नकदी ने सबको चौंका दिया। छापेमारी में 354 करोड़ से अधिक की नकदी मिलने के बाद से राजनीतिक हलचल तेज है। इस बीच केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दुनिया जानती है कि वह गांधी परिवार के एटीएम थे। उधर, छापेमारी के 10 दिन बाद धीरज साहू का बयान आया। उनके बयान पर भी प्रधान ने कटाक्ष किया।



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारे ओड़िशा में एक कहावत है कि मंदिर के अंदर कौन है? तो उत्तर आता है कि मैंने केला नहीं खाया। धीरज साहू कांग्रेस पार्टी के तीसरी बार के राज्यसभा सांसद हैं। दुनिया जानती है कि साहू गांधी परिवार के एटीएम थे। हम नहीं कहते कि पार्टी का एटीएम थे, लोग कहते हैं गांधी परिवार के एटीएम थे। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के बाद साहू का बचाव में बयान आया है, जो लोगों के गले नहीं उतर रहा है। एजेंसी अपना काम कर रही है, करने दीजिए, पर एक सवाल उठता है कि यह पैसा कहां से आता है? वह गांधी परिवार के साथ फोटो खिंचवा रहे थे और फिर लोगों पर दबाव बना रहे थे। हर कोई उनके परिवार और व्यवसाय के बारे में जानता है।

उधर, धीरज साहू ने कहा था कि मैं पहले ही कह चुका हूं कि यह पैसा मेरे परिवार की व्यापारिक कंपनियों का है। इस पैसे का कांग्रेस या किसी अन्य राजनीतिक दल से कोई लेना-देना नहीं हैं। आयकर विभाग ही बतायेगा कि यह काला धन या सफेद धन है। बस इतंजार कीजिए।

## शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को नहीं मिली जमानत



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में शराब घोटाला के जरिये मनी लांड्रिंग करने के आरोपी शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट ने बेल देने से इनकार कर दिया है। पिछली सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। शनिवार को कोर्ट ने योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका खारिज कर दी। इडी ने तिवारी को 19 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। उधर, इडी ने प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन (पीसी) भी उनके खिलाफ दाखिल कर दी है।






# मेरे नन्हे कदम ए प्ले स्कूल के बच्चों ने 10वें वार्षिक महोत्सव में अतिथियों एवं अभिभावकों को मंत्रमुग्ध किया

## '10 साल बेमिसाल'



श्रीमती आशा लकड़ा जी (भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री और निवर्तमान महापौर एवं Shri Syed Shamael Ahmad PSACWA National President को सम्मानित करती निदेशिका विभा सिंह













दिनांक 15 दिसम्बर, 2023 को मेरे **नन्हे कदम ए प्ले स्कूल** ने टाना भगत ऑडिटोरियम में वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती आशा लकड़ा जी (भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री और निवर्तमान महापौर, राँची पूर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री) थी। कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर श्रीमान सैयद समेऔल अहमद जी (नेशनल प्रेसिडेंट–PSACWA) थे। कार्यक्रम में रांची के विभिन्न स्कूलों के डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल भी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से की गई। कार्यक्रम में मेरे नन्हे कदम ए प्ले स्कूल के तीनो शाखाओं लाइन टैंक रोड, अशोक नगर एवं रामगढ़ के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। हाजिक खान ने पापा पर बहुत ही सुंदर कविता सुनाई। शिखर अथर्व ने चंद्रयान बनकर सारे वैज्ञानिकों को बधाई दी। छोटी छोटी बच्चियों ने नृत्य कर के नारी सशक्तिकरण के विषय पर भी प्रकाश डाला। नन्हे मुन्हे बच्चों द्वारा गीत 'वी शैल ओवरकम' भी गाया गया जिसे सभी अभिभावकों ने बहुत सराहा। कुछ बच्चों ने कविता एवं बालगीत गाकर अभिभावकों को मंत्र मुग्ध किया। अभिभावकों की आँखें खुली की खुली रह गयी जब बच्चों ने पापा मेरे पापा, महबूबा, जादू, मेरा वाला डांस, आरंभ है प्रचंड, वो कृष्णा है, राम जी की निकली सवारी, फ्लूट डांस और डांडिया के ताल पर नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों ने नाटक प्रस्तुत किया जिस में उन्होंने भारत के अलग अलग संस्कृति के पोषाक पहनकर एकता में बल को दर्शाया। कुछ बच्चों ने राधा–रानी, गोपियाँ और कृष्ण बन कर नृत्य प्रस्तुत किया और वृंदावन को दर्शाने की कोशिश की। स्कूल की निदेशिका श्रीमती विभा सिंह ने बताया की हम अपने बच्चों को इस तरह तैयार करते हैं की शहर के सभी टॉप स्कूलों में उनका नामांकन उनकी मेरिट पर होता है। ना सिर्फ हम प्रवेश परीक्षा की तैयारी करते हैं बल्कि यह भी सुनिश्चित करते हैं की वे वहां जा कर भी वहां की टॉपर रहें। मेरे नन्हे कदम ए प्ले स्कूल ना सिर्फ शैक्षणिक उत्कृष्टता बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना भी अपना मुख्य उद्देश्य समझता हैं। बच्चो एवं शिक्षकों की मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा की वे आगे भी बच्चों में छुपे हुनर को तराशने की पूरी कोशिश करेंगी। अभिभावकों ने न केवल कार्यक्रम की तारीफ की बल्कि बच्चों में स्कूल द्वारा सिखाए गए अनुसाशन की भी तारीफ की।











Advt.

## चतरा की खबरें

### हाइवा की चपेट में आने से तीन घायल

**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** हंटरगंज–गया मुख्य मार्ग स्थित नागर के समीप शुक्रवार की देर शाम एक हाईवा की चपेट में आने से क्रेटा कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उस वाहन पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों के सहयोग से तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायलों में पवन कुमार पिता मनोज सिंह 24 वर्ष पिंडरा, गोलू कुमार पिता ललन सिंह 23 वर्ष हंटरगंज तथा संजीत सिंह पिता रामपति सिंह 22 वर्ष ऊरैली शामिल है। सभी का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। सभी घायलों के सिर में गंभीर चोट रहने के कारण बेहतर इलाज हेतु गया मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। तीनों युवक क्रेटा वाहन से हंटरगंज से फल लेकर एक शादी समारोह में जा रहे थे। इसी दौरान हाइवे ने वाहन को अपनी चपेट में ले लिया।

### सुखी भारती पंचायत के अध्यक्ष और मुकेश कुमार चंद्वंशी सचेतक चयनित



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** पंचायत बलूरी में राष्ट्रीय जनता दल की एक बैठक आहूत की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से सुखी भारती को पंचायत अध्यक्ष तथा मुकेश कुमार चंद्रवंशी को पंचायत सचेतक के पद पर चयन किया गया। दोनों चयनितों का माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव, 20सूत्री अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, पंचायत के पूर्व मुखिया राजेंद्र यादव, मुकेश चंद्रवंशी, सुनील कुमार, मंडल यादव, रोहन यादव, शिव भारती, साहेवान यादव, दिलीप यादव, सरजू भारती, सजन यादव, दिनेश यादव, विनय कुमार भोक्ता, ब्रह्मदेव भारती, संतोष यादव, सुखी भारती, राजेंद्र ठाकुर, सादिक मियां, राजू कुमार गुप्ता, करो भारती, राजेश भारती, रंजय भारती, कारू भारती इत्यादि सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से व्यक्ति गंभीर

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू रेलवे क्षेत्र में सुबह करीब 8:30 बजे सीवाईएम ऑफिस के सामने मालगाड़ी के चपेट में आने से उपेंद्र चौधरी नामक व्यक्ति का एक पाव और एक हाथ कट गये। उन्हें रेल कर्मियों के सहयोग से उन्हे तत्काल रेलवे अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद रेलवे के डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए मेदांता अस्पताल रांची भेजा गया। बताया जाता है कि उपेंद्र चौधरी रेलवे क्षेत्र में पियून के पद पर कार्यरत हैं।

### गुरुद्वारा साहिब में आज सजेगा दीवान

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के मेन रोड स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में रविवार को सिख परंपरा के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी का महान शहीदी दिवस मनाया जायेगा। शहीदी दिवस को लेकर गुरुद्वारा में विशेष दीवान सजाया जायेगा। पटना साहिब से आये हजूरी रागी भाई अरविंद सिंह अपनी हाजिरी भर मधुर शब्दों का गायन कर संगत को निहाल करेंगे। स्त्री सत्संग द्वारा विशेष दीवान का शुभारंभ सुबह 10:30 बजे से लेकर 1:45 तक चलेगा, जिसमें पटना साहिब से आये हजूरी रागी भाई अरविंद सिंह अपनी मधुर गायन से संगतों को निहाल करेंगे, इसके बाद गुरुद्वारा साहिब में अटूट लंगर का आयोजन किया जायेगा।

### सिरू शिशु ज्ञान मंदिर के वार्षिक समारोह में शामिल हुईं विधायक

# ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के विकास से ही विकसित समाज का निर्माण संभव होगा : सुनीता चौधरी

> एक लड़का पढ़ेगा तो केवल एक व्यक्ति पढ़ेगा, और लड़की पड़ेगी तो पूरा परिवार पढ़ेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** दुलमी प्रखंड क्षेत्र के सिरू गांव मे स्थित विद्यालय शिशु ज्ञान मंदिर बुध बाजार के वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि स्थानीय रामगढ़ विधायक श्रीमती सुनीता चौधरी और विशिष्ट अतिथि रामगढ़ पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रहमदेव महतो शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर विद्यालय का वार्षिक उत्सव समारोह का उद्घाटन किया गया।



मौके पर मुख्य अतिथि विधायक सुनिता चौधरी ने अपने और संबोधन में कहा की विद्यालय विकास के लिए में हमेशा सहयोग करता रहूंगा एवं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के विकास के लिए हर संभव हमारा सहयोग मिलता रहेगा। आज के दौर में शिक्षा का विकास से ही हमारा समाज का विकास संभव हो सकता है तथा एक विकसित समाज का निर्माण हो सकता है विधायक द्वारा विशेष रूप से महिला शिक्षा को बल देते हुए बताया कि हर घर की बालिकाएं को शिक्षा देना बहुत जरूरी है क्योंकि आप एक लड़का को पढ़ाते हैं तो केवल एक व्यक्ति ही पढ़ पाता है लेकिन एक लड़की को पढ़ाते हैं तो उसका पूरा परिवार पढ़ता है और हमारा समाज में नया परिवर्तन हो सकता है क्षेत्र की दिशा और दशा मैं सुधार हो सकता है इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिशु ज्ञान मंदिर इस क्षेत्र में लगातार दो दशकों से विद्या का अलख जगाने का काम कर रहा है। इस पुण्य कार्य के लिए विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं धन्यवाद के पात्र हैं।

मौके पर दुलमी प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख रिझु महतो, राजकिशोर महतो, राहुल कुमार महतो,रवि महतो, चंद्र देव महतो, विद्यालय के प्रधानाध्यापक विष्णु महतो, पुरुषोत्तम महतो, रामप्रसाद महतो, बबलू करमाली, पंकज कुमार मूलो देवी, मीरा शर्मा, विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं अभिभावक और विद्यालय के छात्र छात्राएं मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

### भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष ने प्रेस बयान जारी कर बिजली कटौती पर सीएम को घेरा, कहा

# आपके गृह जिला में बिजली कटौती से जनता परेशान, सुधार कीजिए साहब

> जल्द से जल्द सुधार नहीं किया गया तो सैकड़ों छात्र-छात्रा सड़क पर उतरकर इसका विरोध करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश ठाकुर ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि शहर और रामगढ़ जिला में बिजली कटौती से लेकर लोगों की परेशानी बढ़ गई है। बिजली कटौती से छात्र व्यवसाय पानी सप्लाई अन्य सभी महिलाओं



घरेलू कामों में परेशानी हो रही है। डीवीसी एवं बिजली विभाग के मिली भगत से जनता त्राहिमाम कर रही है। सुबह शाम बिजली कटौती से विद्यार्थियों को सुबह-सुबह स्कूल और कॉलेज जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली कटौती कि मैं घोर निंदा करता हूं। मात्र 10 से 12 घंटा ही बिजली मिल पा रही है। ठाकुर ने बताया कि इस राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गृह जिला में बिजली की स्थिति चरमराई है तो सोचिए पूरा राज्य की क्या स्थिति होगी। रामगढ़ की जनता और इस राज्य की जनता राज्य सरकार को कभी माफ नहीं करेगी। यदि जल्द से जल्द सुधार नहीं किया गया तो सैकड़ों छात्र-छात्रा सड़क पर उतरकर इसका विरोध करेंगे। छात्रों को पठन-पाठन मै संध्या के समय बिजली कटौती से पढ़ाई बाधित किया जा रहा है। जल्द से जल्द बिजली विभाग और डीवीसी के पदाधिकारी से मिलकर बिजली की अनावश्यक कटौती को रोकने की मांग करेंगे। बिजली कटौती में यदि सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन भी किया जायेगा। भाजपा की सरकार में 22 से 23 घंटा बिजली रहती थी। लेकिन अभी मात्र 10 से 12 घंटा ही बिजली दी जा रही है। राज्य सरकार के लिए चुनौती का विषय है।

### समस्याओं के समाधान को लेकर झामुमो रामगढ़ के संयुक्त सचिव ने जीएम को लिखा पत्र



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के रामगढ़ जिला संयुक्त सचिव उदय कुमार मालाकार ने विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर शनिवार को बरका-सयाल महाप्रबंधक को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से उन्होंने नकारी कॉलोनी दत्तो में मुंडा आदिवासी टोला में शुद्ध पेयजल की समस्या का समाधान करने, हाथीदाढ़ी से सौंदा डी तक रोड की मरम्मत कराने, जमीन के अभाव में केंद्रीय विद्यालय को भुरकुंडा से स्थानांतरण को रोक कर जमीन आवंटन करवाने की मांग की है। उन्होंने बरका-सयाल महाप्रबंधक से कहा है की उपरोक्त आग्रह को पूरा कर बेहतर जन-जीवन के साथ-साथ विद्यार्थियों के भविष्य संवारने का भी काम होगा।

### इंनरव्हील क्लब ने बच्चों के साथ पिकनिक मनायी




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** इंनरव्हील क्लब रामगढ़ के तत्वाधान में शनिवार को शहर के नया बस स्टैंड स्थित ब्रिगेडियर पूरी पार्क में पिकनिक का आयोजन कर खुशी और आनंद का संदेश दिया। मौके पर सभी बच्चों के लिए कई खेल और खेलने के अवसरों की व्यवस्था की गई और खेलने के साथ-साथ वूलन जैकेट्स और रिफ्रेशमेंट का वितरण भी किया गया। स्लाइड और स्विंग में खेलने का आनंद भी बच्चों ने लिया, जिन्हें यह सभी बहुत अच्छा लगा। सभी सदस्यों की इस छोटी सी कोशिश ने सभी बच्चों के होंठों पर मुस्कान लाने में सफलता प्राप्त की, जो अमूल्य थी। इस अवसर पर मेघा बगड़िया, नीरू सहानी, नमिता श्रॉफ, अनुराधा श्रॉफ, रंजु अग्रवाल, पिंकी पोद्दार, ममता अग्रवाल, मधु अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, कवलजीत कौर।


**NAME CHANGE**

शपथ पत्र:805/J/2016, सं. कमांक सं.05,दिनांक 13.12.2023 के अनुसार मैं अजित अनुराग (AJIT ANURAG) पिता– श्री नारायण सिंह, उम्र करीब 42 वर्ष, धर्म–हिन्दु, राष्ट्रीयता – भारतीय, साकिन पता– वार्ड नं. 10 नियर संतोषी मंदिर, सी. एच. स्कूल रोड, राजेश पार्ट मुहल्ला, पो.–झुमरी तिलैया, थाना–तिलैया, जिला– कोडरमा (झारखण्ड) 825409, शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ:–
1. यह कि मैं उपरोक्त पता का निवासी हूँ एवं मेरा आधार कार्ड सं. 6644 2857 0785 है।
2.यह कि अब मैं अजित अनुराग राठौर (AJIT ANURAG RATHORE) पिता श्री नारायण सिंह के नाम से जाना एवं पहचाना जाऊँगा।
3.यह कि मैं यह शपथ पत्र अपने नाम में Title राठौर को जोड़ने के लिए यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूँ जो बिल्कूल सत्य एवं सही है तथा भविष्य में मैं इसी नाम से जाना जाऊँगा।
4.यह कि कंडिका 01 से 03 तक की सारी बातें सत्य एवं सही है कोई भी बात गलत पाये जाने पर कानूनी कार्यवाही की जा सकती है।

**NAME CHANGE**

शपथ पत्र:805/J/2016, सं. कमांक सं.04,दिनांक 13.12.2023 के अनुसार मैं स्नेहलता सिंह (SNEHLATA SINGH) पिता – श्याम सुंदर सिंह एवं पति– अजित अनुराग, उम्र करीब 37 वर्ष, धर्म– हिन्दु राष्ट्रीयता – भारतीय,साकिन पता–वार्ड नं. 10 नियर संतोषी मंदिर, सी.एच. स्कूल रोड, राजेश पार्ट मुहल्ला, पो.–झुमरी तिलैया, थाना–तिलैया, जिला– कोडरमा (झारखण्ड) 825409, शपथ पूर्वक घोषणा करती हूँ:–
1.यह कि मैं उपरोक्त पता की निवासी हूँ एवं मेरा आधार कार्ड सं. 9084 3288 4575 है।
2. यह कि अब मैं स्नेहलता सिंह राठौर (SNEHLATA SINGH RATHORE) पति अजित अनुराग राठौर के नाम से जानी एवं पहचानी जाऊँगी।
3.यह कि मैं यह शपथ पत्र अपने नाम में Title राठौर को जोड़ने के लिए यह शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूँ जो बिल्कूल सत्य एवं सही है तथा भविष्य में मैं इसी नाम से जानी जाऊँगी।
यह कि कंडिका 01 से 03 तक की सारी बातें सत्य एवं सही हैं कोई भी बात गलत पाये जाने पर कानूनी कार्यवाही की जा सकती है।


# एला एंगलाइज विद्यालय में ओपन रेस का आयोजन

> मानसिक और शारीरिक क्षमता की परख के लिए दौड़ जरूरी: विजयंत कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुरकुंडा।** बिरसा चौक स्थित एला एंगलाइज विद्यालय में कक्षा छठी से लेकर के 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए शनिवार को ओपस रेस का आयोजन किया गया। हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा की खुले दौड़ से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उनमें शारीरिक क्षमताओं को परखने का मौका भी होता है। उन्होंने कहा की विद्यालय हमेशा से बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास का ध्यान में रखते हुए इस प्रकार का आयोजन करती है। प्राचार्य कुमार ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के प्रति विद्यालय प्रबंधन दृढ़संकल्पित है। प्रतिभागियों के लिए फर्स्ट एड और ग्लूकोज की व्यवस्था दी गयी थी। बालकों के लिए 5 किलोमीटर और बालिकाओं के लिए 3 किलोमीटर की दौड़ तय की गयी थी। जिसमें विद्यालय के सैकड़ो विद्यर्थियों उत्साह के साथ हिस्सा लेकर दौड़ को पूरा किया। 5 किमी. बालको के दौड़ में विष्णु मुर्मू, आयुष कुमार, राहुल, अरविंद मुंडा, अनस अहमद और अनीश दास को क्रमशः प्रथम से लेकर के छठा स्थान प्राप्त हुआ। वहीं 3 किमी. बालिकाओं के दौड़ में सुनैना कुमारी, मुस्कान कुमारी, अल्फा कच्छप, लक्ष्मी कुमारी, कुमुद कृष्णा और स्वाति उरांव को प्रथम से लेकर छठा स्थान मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में कंचन दास, जय किशोर महतो, कंचन सोनी, अनुराग मद्धेशिया, धर्मेश सोनी, मोहनलाल बेदिया, सूरज देव सिंह, विश्वक सेन, रुचि सिंह, अंजली सिन्हा, सीमा मुंडा, पूनम सिन्हा सहित विद्यालय के तमाम शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

# शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पहुंचे मणिपाल स्कूल

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू ।** भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ ओमप्रकाश सिंह और प्रांत विस्तारक निलेश कुमार शनिवार को मणिपाल स्कूल भरेचनगर पहुंचे। मौके पर विद्यालय निदेशक गया प्रसाद राय ने डॉ ओमप्रकाश सिंह और शिक्षकों ने निलेश कुमार को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश सिंह ने नई शिक्षा नीति को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारियां दी। साथ ही, नई शिक्षा नीति मे गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के उद्देश्य समेत कई नये सिस्टम लागू किये गये है। जिसमें पांच सोपान के तहत अनुसंधान, प्रबोधन, प्रशिक्षण, प्रकाशन और संगठन शामिल है। उन्होने बताया कि भारतीय शिक्षा पद्धति के आदर्श गुरुगुल प्रणाली को विश्व में मुख्यधारा की शिक्षा के रूप में स्थापित करना है। युगानुकुल स्वरूप में गुरुकुलो की पुनः प्रतिष्ठा हेतु वर्तमान में चल रहे गुरुकुलों का संकलन, नवीन गुरुकूलो की स्थापना में सहयोग और मार्गदर्शन देकर विस्तार तथा गुरुकुलो हेतु आचार्य निर्माण अल्पकालीन और स्थाई वर्गो का संचालन करना मुख्य उद्देश्य है। मौके पर प्रांत विस्तारक निलेश कुमार ने नई शिक्षा नीति की मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डाले। मौके पर कई शिक्षकगण मौजूद रहे।




**NAME CHANGE**

शपथ पत्र:805/J/2016, सं. कमांक सं.03,दिनांक 13.12.2023 मैं अजित अनुराग (AJIT ANURAG) पिता– श्री नारायण सिंह, उम्र करीब 42 वर्ष, धर्म– हिन्दु राष्ट्रीयता – भारतीय, साकिन पता वार्ड नं. 10 नियर संतोषी मंदिर, सी.एच. स्कूल रोड, राजेश पार्ट मुहल्ला, पो.–झुमरी तिलैया, थाना–तिलैया, जिला–कोडरमा (झारखण्ड) 825409, शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ–
1.यह कि मैं उपरोक्त पता का निवासी हूँ एवं मेरा आधार कार्ड सं. 6644 2857 0785 है।
2.यह कि अनय नारायण (Anay Naryan) मेरा पुत्र है जिसका जन्म तिथि 11.03.2014 है।
3.यह कि अब मेरा पुत्र अनय नारायण राठौर (ANAY NARAYAN RATHORE) के नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा।
4.यह कि मेरे पुत्र अनय नारायण राठौर (ANAY NARAYAN RATHORE) का आधार कार्ड सं. 9134 3543 3121 है।
5.यह कि मैं यह शपथ पत्र अपने पुत्र के नाम में Title राठौर को जोड़ने के लिए यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूँ जो बिल्कूल सत्य एवं सही है तथा भविष्य में वह इसी नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा।
6.यह कि कंडिका 01 से 05 तक की सारी बातें सत्य एवं सही है कोई भी बात गलत पाये जाने पर कानूनी कार्यवाही की जा सकती है।


### किसान अपना धान पैक्स में ही जमा करें: रामविलास

**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के गरसुला पंचायत अंतर्गत गरसुला प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड (नोडल) पैक्स के अध्यक्ष रामविलास गोप ने हजारीबाग जिला, बड़कागांव प्रखंड और गरसुला, उरीमारी, पोटंगा पंचायत क्षेत्र के किसानों से अपील करते हुए कहा है कि कोई भी किसान किसी भी बिचौलिए के बहकावे में आकर औने पौने दाम में अपना धान न बेचें बल्कि अपनी-अपनी धान सुरक्षित रखें। उन्होंने आगे बताया कि इस वर्ष झारखंड सरकार के द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 सौ रुपये प्रति क्विंटल जिसमें केंद्रांश 2183 और राज्यांश 117 के दर से किसानों से धान की खरीदारी करेगा। गरसुला नोडल पैक्स सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये बीज गेहूं, सरसों, मसूर, धान का बीज, धान अधिप्राप्ति, खाध यूरिया, डीएपी, नैनो यूरिया, और सागरिका हमेशा किसानों के लिए सुविधा उपलब्ध कराने में तत्पर रहा है और आगे भी किसानों के हित में कार्य करता रहेगा।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# सूबे की सरकार की योजनाओं का ग्रामीण लें लाभ: फागू बेसरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडू।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को पुंडी पंचायत व हेसागढा पंचायत सचिवालय में आयोजित किया गया। पुंडी व हेसागढा पंचायत सचिवालय में बतौर मुख्य अतिथि राज्य सरकार के दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा शामिल हुए। विशिष्ट तिथि झामुमो केंद्रीय महासचिव राजकुमार महतो, बीडीओ संजय कुमार कोंगाड़ी, सीओ मुदस्सर नजर मंत्री और रामगढ़ जिला खनन पदाधिकारी उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजित कार्यक्रम का लाभ उठाने के लिए पंचायत क्षेत्र के सैकड़ो लोग पहुंचे और अपनी-अपनी समस्याओं को रखा। जिसमें कई आवेदनों का निराकरण ऑन द स्पॉट किया गया। कार्यक्रम में विभाग द्वारा बिरसा



सिंचाई कूप, भूमि संबंधित मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी स्मृति योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के स्टाल लगाये गये थे। साथ ही कई सुयोग्य लाभुकों के बीच कंबल धोती साड़ी परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा ने कहा कि सरकार की यह एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है, इस योजना का ग्रामीण लाभ लें। सरकार के योजनाओं को जन जन तक पहुंचना है सरकार की प्राथमिकता है। हर घर तक विकास पहुंचना सरकार का लक्ष्य है। सुबे के सरकार हर वर्ग का विकास चाहती है। यही वजह है कि प्रत्येक पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन कर जन समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया जा रहा है। मौजूदा सरकार गरीब वंचित शोषित लोगों के सपने साकार कर रही है। कार्यक्रम बीडीओ संजय कुमार कोंगाड़ी, सीओ मुदस्सर नजर मंसूरी, सीआई सुरेश प्रसाद, पुंडी मुखिया रोपन देवी, एतो बास्के, पंसस सुरेन्द महतो, शानू मदन सोरेन, सुखदेव महतो, नरेंद्र कुमार, सुरेश महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण मोजुद थे।

### मांडूडीह मुक्तिधाम में हुआ भूमि पूजन



**मांडू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल चरही एरिया, हजारीबाग के द्वारा 9 लाख की लागत से मांडूडीह पंचायत के चौराबसरिया मुक्तिधाम में शवदाह गृह, प्रतीक्षालय और डीप बोरिंग के लिए भूमि पूजन किया गया। मुक्तिधाम में यह सुविधा उपलब्ध हो जाने पर ग्रामीणों को दाह संस्कार में हो रही कठनाइयों से निजात मिलेगा। सभी पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सीसीएल प्रबंधन को धन्यवाद दिया। भूमि पूजन में मुख्य रूप से मुखिया बैजनाथ राम, उपमुखिया सीता देवी, समाजसेवी राजदेव प्रसाद, नवरत्न कुमार, धनंजय प्रसाद चंदन, तालेश्वर प्रसाद, संतोष राम, रोहित साव, रविंद्र कुमार, गंगा प्रसाद, यशवंत कुमार, धनंजय कुमार सिंह के उपस्थिति में राकेश पांडे द्वारा भूमि पूजन कराया गया।

### विजय दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिंदगी जब तुझे समझा, मौत फिर क्या चीज है, ए वतन तू ही बता तुझसे बड़ी क्या चीज है', कुछ इसी जज्बे को लेकर ही 16 दिसंबर 1971 को भारतीय सैनिकों के समक्ष पाकिस्तान के 93000 सैनिकों ने ढाका में आत्मसमर्पण किया था। इस जीत को याद करने और अपने सैनिकों के सम्मान को लेकर शनिवार को राम प्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी ने किया। कार्यक्रम में भैया बहनों के द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य, नाट्य मंचन और भाषण प्रस्तुत किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से भैया बहनों में देशभक्ति की भावना और उत्साह का संचार होता है। साथ ही अपने सैनिकों के प्रति सम्मान जागृत होता है।


**NAME CHANGE**

शपथ पत्र सं.18867 दिनांक24.11.2023 के अनुसार मैं राज कुमार महतो पिता गणेश महतो उम्र लगभग 36 वर्ष, धर्म हिन्दु, पेशा कृषि, राष्ट्रीयता भारतीय, निवास स्थान ग्राम मकान नं. 7 आर ए. बलिया, पो.करमा, जिला रामगढ़, (झारखण्ड) शपथपूर्वक ब्यान करता हूँ कि :–
1. यह कि, मेरी पुत्री का वास्तविक एवं सही नाम जीविका राज (JEEVIKA RAJ) है। जो उसके आधार कार्ड सं. 7409 9246 1108 में दर्ज है। जिसका जन्म तिथि 07/01/2016 है।
2. यह कि, मेरी पुत्री के नाम से सुकन्या योजना के तहत, पोस्ट ऑफिस, रामगढ़ कैन्ट में एक खाता है। जिसमें मेरी पुत्री का नाम जिवीका राज (JIWIKA RAJ) दर्ज है।
3. यह कि, जीविका राज (JEEVIKA RAJ) एवं जिवीका राज (JIWIKA RAJ) दोनो नाम एक ही लड़की का है जो मेरी पुत्री है।
4. यह कि, यह शपथ पत्र में अपनी पुत्री का नाम उक्त खाता में सुधार हेतु संबंधित पदाधिकारी को देने हेतु तैयार किया हूँ जो सत्य एवं सही है।

# अपनी जिम्मेदारी निभाये संसद

संसद में शीतकालीन सत्र के दौरान 13 दिसंबर को हुई सुरक्षा चूक पर पक्ष-विपक्ष का जो रुख देखने को मिल रहा है, वह निराश करने वाला है। हालांकि इस बात को लेकर हर पक्ष में सहमति है कि जिस तरह की चूक हुई है, वह काफी गंभीर है, लेकिन इसके बावजूद देश की संसद इस मसले से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा नहीं कर पा रही। जब दर्शक दीर्घा से दो युवक सदन में कूदे और उन्होंने धुआं फैला कर वहां अफरा-तफरी मचा दी, उस समय सदन में पक्ष-विपक्ष का कोई भेद नहीं दिखा। न सिर्फ दोनों युवकों को पकड़ कर सुरक्षाकर्मियों के हवाले करने में विपक्षी सांसद आगे रहे, बल्कि घटना के बाद उसका ब्योरा देने और मीडिया के जरिये देश के सामने पूरी स्थिति रखने में भी दोनों पक्षों में सामंजस्य दिखा। इससे यह उम्मीद पैदा हुई कि हमारी संसद इस महत्वपूर्ण घटना से निपटने में पूरी एकजुटता दिखायेगी और सामान्य राजनीतिक मतभेदों को मुद्दा नहीं बनने दिया जायेगा। मगर शाम होते-होते यह स्थिति बदल गयी। पार्टी लाइन के हिसाब से रिएक्शन आने लगे। मुद्दा संसद की सुरक्षा में हुई चूक का था, लेकिन कई विपक्षी सांसद इसे नये संसद भवन से जोड़ कर देखने लगे और पुराने आरोप-प्रत्यारोप दोहराये जाने लगे। यह सिलसिला अगले दिन और तेज हुआ जब विपक्ष गृहमंत्री के बयान की मांग पर अड़ते हुए हंगामे पर उतर आया। सत्तापक्ष की ओर से भी इसका जवाब कड़ी कार्रवाई के रूप में दिया गया। हालांकि कहने को बातचीत के प्रस्ताव भी दिये गये और मनाने की कोशिशें भी हुईं, लेकिन ये बेनतीजा रहीं। नतीजा विपक्ष के 14 सांसदों के निलंबन के रूप में सामने आया। कुल मिला कर हालत यह बनी है कि संसद में हंगामा और शोर तो बहुत है, लेकिन इस अहम मसले पर उसके सामूहिक विवेक की कोई ऐसी आवाज नहीं आ रही जो देशवासियों के अलग-अलग हिस्सों में उभरते असमंजस को दूर कर सकती थी। समझना होगा कि भारतीय लोकतंत्र के लिए ये बड़े नाजुक पल हैं। घटना ऐसे समय हुई है, जब विदेशी जमीन पर सक्रिय आतंकवादी तत्वों की ओर से संसद पर हमले की चेतावनी दे दी गयी थी। भले संसद में घुसे इन युवकों का पहली नजर में उन तत्वों से कोई रिश्ता न दिख रहा हो, पर जांच एजेंसियों की ओर से अभी उन्हें क्लीन चिट नहीं मिली है। ऐसे में पक्ष-विपक्ष का एक-दूसरे पर दोषारोपण करना बेमानी है। दोनों ही पक्षों को संकीर्ण राजनीति के तकाजों से ऊपर उठते हुए संसद के अंदर स्वस्थ चर्चा सुनिश्चित करनी चाहिए।

**समझना होगा कि भारतीय लोकतंत्र के लिए ये बड़े नाजुक पल हैं। घटना ऐसे समय हुई है, जब विदेशी जमीन पर सक्रिय आतंकवादी तत्वों की ओर से संसद पर हमले की चेतावनी दे दी गयी थी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**इतिहास गवाह है कि जब 2 देश किसी बात पर लड़ते हैं और दोनों ही को अपना पक्ष न्यायसंगत दिखायी दे रहा हो, तो वह यह सोचने लगते हैं कि कोई तीसरा आकर बीच-बचाव यानी मध्यस्थता कर दे तो लड़ाई बंद हो सकती है। अब जो बीच में पड़ेगा, तो वह यह तो देखेगा कि इनकी लड़ाई सुलझाने में उसका क्या फायदा है और बस गड़बड़ यहीं से शुरू होती है। कहावत के अनुसार 2 बिल्लियों की लड़ाई में फायदा बंदर का हो जाता है।**

# अधिकतर युद्ध अक्सर नुकसानदायक ही होते हैं

**पूरन चंद सरीन**



दिसंबर का महीना 2 विशेष घटनाओं एक 13 तारीख को संसद पर हुए हमले और दूसरी 16 दिसंबर को भारत की पाकिस्तान पर जीत और बांग्लादेश के जन्म के लिए जाना जाता है। लड़ाई चाहे किसी भी स्तर की हो, कुछ पक्षों को छोड़ कर अधिकतर देशों के लिए नुकसानदायक ही होती है। फिर भी कई बार लड़ना जरूरी हो जाता है, क्योंकि आजादी, संप्रभुता से लेकर अस्तित्व तक जब खतरे में हो, तो इसके अतिरिक्त कोई चारा नहीं होता। विश्लेषण यह करना चाहिए कि कोई देश किस तरह बातचीत के जरिए इस विभीषिका से बचा रह सकता है?

**वर्तमान संदर्भ :** इतिहास गवाह है कि जब 2 देश किसी बात पर लड़ते हैं और दोनों ही को अपना पक्ष न्यायसंगत दिखायी दे रहा हो, तो वह यह सोचने लगते हैं कि कोई तीसरा आकर बीच-बचाव यानी मध्यस्थता कर दे तो लड़ाई बंद हो सकती है। अब जो बीच में पड़ेगा, तो वह यह तो देखेगा कि इनकी लड़ाई सुलझाने में उसका क्या फायदा है और बस गड़बड़ यहीं से शुरू होती है। कहावत के अनुसार 2 बिल्लियों की लड़ाई में फायदा बंदर का हो जाता है। उदाहरण देख लीजिए, दुनिया में जितने भी संघर्ष हुए या हो रहे हैं, उनमें जब किसी चौधरी का दखल हुआ, तो लड़ाई लंबी खिंच गयी। उल्लेखनीय है कि 2 चौधरियों अमेरिका और रूस का ही हर युद्ध से फायदा होता रहा है। उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और सोच यह होती है, कैसे उनके हथियारों के जखीरे को उन देशों को सहायता देकर या सीधे बेच कर मुनाफा कमाया जाये। यह उनकी मर्जी पर हो जाता है कि वे कब संघर्ष खत्म करने की पहल के लिए अपना रुख बतायेंगे और तब तक लड़ रहे देश बबार्दी की तरफ बढ़ते जाते हैं। वर्तमान में रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध इसलिए समाप्त नहीं हो रहा, क्योंकि उसमें एक चौधरी है और दूसरा वह जो कभी उसके संरक्षण में था। कोई ऐसे ही तो किसी को अपने चंगुल से निकलने नहीं देता, इसलिए यह युद्ध जल्दी समाप्त होने वाला नहीं। दूसरी लड़ाई इसराइल और आतंकी संगठन हमास के बीच की है, यह भी उनकी अंदरूनी लड़ाई है, लेकिन अमेरिका की दखलंदाजी की नीयत के कारण यहां भी जल्दी शांति स्थापित होने की उम्मीद नहीं है। एक घटना अपने देश की भी है। अच्छे खासे ढंग से पाकिस्तान को धूल चटा कर हम कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बना चुके थे, लेकिन इस मामले को अमेरिका के पालतू संस्थान संयुक्त राष्ट्र संघ में ले जाने के बाद से आजतक जनमत संग्रह की दलील दी जाती रही है, जो असंभव है। यही हश्र होता है जब अपनी शक्ति को कम आंक कर दूसरों को अपने पर हावी होने का मौका दिया जाता है। और अगर अपने ही देश में किसी व्यक्ति को नीचा दिखाने के लिए विदेशी ताकतों के साथ हाथ मिलाने की कोशिश हो तो यह सरासर देशद्रोह है। विजय दिवस मनाते समय तब के हालात सामने तैरने लगते हैं, तो निष्कर्ष यही निकलता है कि यदि तत्कालीन प्रधानमंत्री और सेनाध्यक्ष ने दूरदर्शिता से काम नहीं लिया होता और किसी भी विदेशी ताकत के चौधरी बन जाने के मंसूबों पर लगाम नहीं लगायी होती तो क्या होता?

**राजनीतिक दबाव को कैसे नामंजूर किया जाता है और आंतरिक गुटबाजी से कैसे निबटा जाता है, इसके उदाहरण फिल्म सैम बहादुर में हैं।**

**भारत-पाक युद्ध :** बांग्लादेश के जन्म पर प्रमाणित तथ्यों पर आधारित पुस्तक यूं जन्मा बांग्लादेश के लेखक बीएसएफ से रिटायर्ड वीके गौड़ जो उस समय महा-निरीक्षक थे और इस युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे, ने तब की स्थितियों का वर्णन किया है। जब भारत ने मुक्तिवाहिनी की सहायता करने का निश्चय किया, तो सबसे पहले मुक्ति योद्धाओं को संगठित, प्रशिक्षित करने और उन्हें गुरिल्ला ऑपरेशन चलाने में सक्षम बनाने के लिए साजो सामान उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। इससे पाकिस्तानी सेना के हौसले पस्त करने में मदद मिली। शुरुआत 20 हजार सैनिकों से हुई, जो 1 लाख तक हो गयी।

नवंबर तक भारतीय सेना और बीएसएफ ने अनेक चौकियों पर कब्जा कर लिया, मुक्ति योद्धाओं ने एक हजार से अधिक ऐम्बुश और रेड में रेल पुलों, रोड ट्रैक सैक्शनों को तबाह कर दिया। बांग्लादेश के सभी बल भारतीय सेना की कमान में आ गये। 30 नवंबर तक भयंकर युद्ध हुआ। 3 दिसंबर को बौखलाहट में पाकिस्तान ने भारत से युद्ध की घोषणा की और उसकी समाप्ति 16 दिसंबर को बांग्लादेश के जन्म के साथ हुई। पाकिस्तानी सेना ने बड़े नाटकीय ढंग से भारतीय सेना, बीएसएफ और मुक्ति संग्राम के अभियान दलों के आगे समर्पण कर दिया। राष्ट्रीय स्तर पर विशाल समारोह हुआ। हमारे लेफ्टिनेंट जनरल अरोड़ा और पाकिस्तान के नियाजी ने संधि पर हस्ताक्षर किये और दुनिया ने पहली बार किसी देश के 2 टुकड़े होते हुए और उसके सैनिकों को भारत के सामने आत्मसमर्पण करते हुए देखा। पाकिस्तान की हार और भारत की जीत के कारणों पर जायें तो पता चलता है कि पाकिस्तानी सैनिक तो वीर थे, लेकिन उनके अफसर भ्रष्ट और बलात्कारी थे। जब कोई अफसर सैनिक की बजाय प्रशासक बन जाता है, तो यही होता है। जहां तक भारत की बात है, उसके सैनिक तो वीर थे ही, पर अफसर कर्तव्यनिष्ठ, चरित्रवान, साहसी और देश की आन बान पर सब कुछ न्योछावर करने वाले थे। उन्हें स्वयं से अधिक अपनी वर्दी के सम्मान की चिंता थी।

**सैम बहादुर :** यह बात बहुत ही सुंदर ढंग से हाल ही में प्रदर्शित फिल्म सैम बहादुर में भारतीय सेना के प्रमुख सैम मानेकशा के किरदार के जरिए दर्शायी गयी है। कोई अफसर कैसे अपने अधीन लोगों को न्याय करना सिखाता है, इसका भी उदाहरण है। जब उन्होंने देखा कि एक अधिकारी ने अपने मातहत के कसूर के लिए एक हजार सैल्यूट करने की सजा दी है, तो उन्हें लगा कि कुछ गलत है। उन्होंने कहा कि सैल्यूट का जवाब भी दिया जाता है, इसलिए वह अधिकारी भी बराबर से सैल्यूट करे। इसी तरह उन्होंने सख्त हिदायत दी थी कि अगर किसी ने भी किसी महिला के साथ दुर्व्यवहार किया तो उसकी खैर नहीं। राजनीतिक दबाव को कैसे नामंजूर किया जाता है और आंतरिक गुटबाजी से कैसे निबटा जाता है, इसके उदाहरण इस फिल्म में हैं। सेना और सैनिकों की जरूरतों और आधुनिक साजो-सामान की पूर्ति करवाना हरेक के बस की बात नहीं होती, लेकिन सैम मानेकशा की सोच और कार्यकुशलता ने यह भी बड़ी आसानी से कर दिखाया। इस युद्ध में उनकी भूमिका ने सिद्ध कर दिया कि वे देश के पहले फील्ड मार्शल बनने के सर्वथा अधिकारी थे।

**सोचना यह चाहिए :** विजय दिवस पर चिंतन यह करना चाहिए कि किस प्रकार अपने देश को युद्ध के खतरों से बचाते हुए कूटनीति से चीन और पाकिस्तान के गलत इरादों को मिट्टी में मिलाया जा सकता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि हमारी सीमाओं पर पर्याप्त सुरक्षा है, लेकिन शत्रु इसमें सेंध लगाने में कामयाब नहीं होगा, इसकी गारंटी होनी चाहिए। इसके बाद सशस्त्र सेनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए कदम उठाने होंगे। पिछले 10 वर्षों में ही गंभीर भ्रष्टाचार के एक हजार से अधिक मामले हुए हैं। जनरल बिपिन रावत ने सेना में भ्रष्टाचार को स्वयं स्वीकारा है।

इसका कारण यही है कि जब सैनिक के हाथ में प्रशासन थमा दिया जाता है और वह सीधे ठेकेदारों के संपर्क में आता है, तो भ्रष्ट होने के अवसर मिल ही जाते हैं। यही नहीं अफसर अपनी सुख-सुविधाएं सुनिश्चित कर लेते हैं और जो सैनिक है वह मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित रहता है। व्यक्तिगत अनुभव है, क्योंकि सेना और अर्धसैनिक बलों के लिए फिल्में बनाते समय देखा है कि कैसे अधिकारी के पास तो मौसम की मार का सामना करने के सभी साधन हैं, लेकिन सीमा पर तैनात सैनिक के पास न के बराबर हैं। माइनस तापमान में अपने को जिंदा रख पाना और अपनी चौकी की रक्षा भी कर लेना, यह उनका अदम्य साहस है। लड़ते हुए शहीद हो जाना गौरव की बात है, लेकिन उचित सुविधाओं के अभाव के कारण गंभीर बीमारियों का शिकार होकर एक अपंग का जीवन बिताना एक सच्चाई है। अवसाद यानी डिप्रेशन के कारण आत्महत्या कर लेना, अपने ही साथी को मामूली-सी बात पर गोली मार देना भी सच है। कोई भी सेना या बल हो, केवल साहसी कहलाने के लिए नहीं हैं, बल्कि उनकी भी सुरक्षा और आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखा जाना आवश्यक है। उनमें निराशा या घबराहट न हो, इसकी तरफ सरकार का ध्यान ही नहीं जाता, उनसे केवल त्याग की अपेक्षा रहती है। यह कैसे संभव है कि उनकी मानवीय जरूरतों को समझे और पूरा किये बिना उनसे सर्वोच्च बलिदान की उम्मीद रखी जाये? केवल कुछ अवसरों पर उनके साथ फोटोशूट करा लेना ही काफी नहीं है, सैनिक के मन को समझना भी आवश्यक है। विडंबना यह है कि जब कोई सेना नायक राजनीति में आकर और अपने हाथ में शक्ति होते हुए उसका इस्तेमाल नहीं करता, सैनिकों की दशा सुधारने और उन्हें सही दिशा दिये जाने की व्यवस्था करने से चूक जाता है, तो क्या कहा जाये?

## जमशेदपुर की खबरें

### सरकार आपके द्वार शिविर में विधायक ने परिसंपत्तियों का किया वितरण

# हेमंत सरकार की सोच राज्य के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को मिले उसका हक और अधिकार : कालिंदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** हेमंत सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को जुगसलाई विधान सभा क्षेत्र के जमशेदपुर प्रखंड स्थित उत्तर पूर्वी गदड़ा, मध्य गदड़ा व दक्षिण गदड़ा में आपकी योजना-आपके सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने शामिल होकर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही लाभुको के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार में जो कभी जिला या प्रखंड कार्यालय नहीं पहुंच पाते हैं वैसे ग्रामीण तक प्रखंड व जिला के वरीय पदाधिकारी के माध्यम से पंचायतो में शिविर लगाकर सरकारी योजनाओं का लाभ पहुचाया जा रहा है। ताकि गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओ का लाभ पहुच सके।

उनको योजनाओं का लाभ दिलाना ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का मुख्य उद्देश्य है। विधायक ने कहा हेमंत सरकार की सोच है राज्य के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को उसका हक मिले। इस अवसर पर जमशेदपुर प्रखंड प्रमुख पानी सोरेन, उपप्रमुख शिवकुमार हांसदा, मुखिया जूही बेसरा, मुखिया संजु भूमिज, मुखिया सुनीता नाग, मुखिया हेमंत खलखो, बिस्वजीत भगत, बिरजु पात्रो, बबलु महतो सहित सैकड़ो झामुमो समर्थक ग्रामीण उपस्थित रहे।

### श्री सीमेंट के खिलाफ ग्रामीण गोलबंद, भाजपा नेता से न्याय के लिए गुहार

# प्रबंधन के खिलाफ होगा उग्र आंदोलन : गणेश महाली

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खारसावां।** सरायकेला खरसावां जिले के गोजुडीह गांव के ग्रामीण श्री सीमेंट के खिलाफ गोलबंद होने लगे हैं। शनिवार को ग्रामीणों के सहयोग में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सह सरायकेला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी गणेश महाली गोजुडीह गांव पहुंचे। जहा भाजपा नेता ने ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर ग्रामीणों ने बताया श्री सीमेंट कंपनी प्रबंधन द्वारा ग्रामीणों से किए वायदे अब तक पूरे नहीं किये। कंपनी प्रबंधन के द्वारा बहाए जा रहे प्रदूषित पानी की वजह से नहर का पानी विषाक्त होने लगा है। ग्रामीणों की जरूरत के लिए यहां के पानी का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। कंपनी द्वारा गांव में श्मशान भूमि को अपने कब्जे में ले लिया गया। जिससे ग्रामीणों के शवों का दाह-संस्कार करने में समस्या उत्पन्न हो रही है। प्रबंधन गांव के फुटबॉल मैदान का जीर्णोद्धार कराने का वादा किया गया था। लेकिन आजतक अधूरा है। गांव के विस्थापितों को नौकरी और मुवावजा देने का भरोसा दिलाया गया था लेकिन आजतक पूरा नहीं किया गया। सभी चापाकल सूखने लगे हैं। ग्रामीणों ने भाजपा नेता से इंसाफ दिलाने की गुहार लगाई। ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर भाजपा नेता ने प्रबंधन से वार्ता कर इंसाफ दिलाने का भरोसा दिलाया। वहीं उन्होंने साफ कहा यदि प्रबंधन उनकी मांगों पर विचार नहीं करती है, तो आने वाले दिनों में प्रबंधन के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जायेगा। मौके पर वार्ड सदस्य सुषमा महाली, विशेश्वर महाली, गुरु चरण महाली, ज्योति महाली, दुबराज महाली, दुलाल महाली, तरुण लाल महाली, राजेश महाली, बसंती महाली,पद्मावती महाली सहित अन्य उपस्थित रहे।

# फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आगाज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल बालक और बालिका प्रतियोगिता का शुभारंभ एमजीम हायर सेकेंडरी स्कूल बोकारो के खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता का आगाज उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक, उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी। अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवनीया, अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत तथा जिला खेल



पदाधिकारी हेमलता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

# दिव्यांग बच्चों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन

## शहर के आठ स्कूल के विद्यार्थी हुए शामिल, संगीत का जम कर उठाया लुत्फ

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**जमशेदपुर।** बिस्टुपुर नार्दन टाउन स्थित स्कूल ऑफ हॉप प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिव्यांग बच्चों के मनोवल ऊंचा करने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को स्कूल परिसर में आठ स्कूल के बच्चों के बीच खुशियां बांट कर देखो कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के समाजसेवी वर्ग के लोगो में डॉ ओ पी आनंद, सरिता आनंद,अमितेश अमर, शारदा देवी,पंकज मुरारका, संजय राय, दीपक सिन्हा, एयर फोर्स ऑफिसर के रवि शंकर शामिल हुए। सभी अतिथियों को स्कूल के प्रिंसिपल मीता गांगुली व रेणुका के द्वारा सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल मीता गांगुली ने बताया यह आयोजन बीते 12 साल से बच्चों में खुशियां बांटने के लिए स्कूल प्रबंधन द्वारा की जारही है। कार्यक्रम में जीविका,चेशायर होम, आशा किरण, पैरेंट्स एसोसियेसन, ज्ञानोदय एकेडमी, स्कूल ऑफ जॉय, स्कूल ऑफ हॉप के सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। मौके पर बच्चों ने पेंटिंग प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। वही झारखंड कलाकार मंच के बेहतरीन कलाकार त्रिपर्णा, संजीव बैनर्जी, मोनू कुमार, हिरोक सेन के द्वारा कई बेहतरीन गीत प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर सभी स्कूल के शिक्षकगण व बच्चों के अभिभावको ने जमकर संगीत का लुत्फ उठाया। बच्चे भी जमकर नाच गा कर मौज मस्ती की।कार्यक्रम का संचालन हरप्रीत सिंह ने किया। वही आर्ट प्रतियोगिता मे बच्चों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही कार्यक्रम में आए सभी बच्चों व शिक्षको को आयोजकों के द्वारा उपहार देकर हौसला अफजाई की गयी। कार्यक्रम में ओम प्रकाश चौरसिया, गौरी शंकर सिंह, हरप्रीत सिंह सहित अन्य का सफल योगदान रहा।

# कार्यक्रम में समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया जा रहा है: डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रमना।** आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त शेखर जमुवार,जिप अध्यक्ष शांति देवी, बीडीओ संजय कुमार, प्रमुख करुणा सोनी, सीओ वासुदेव राय, बीस सुत्री अध्यक्ष मंसूर अंसारी, उप प्रमुख खदीजा बीबी, मुखिया अजीत कुमार पांडेय ने सामुहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूवात किया। इस अवसर पर उपायुक्त शेखर जमुवार ने कहा कि सरकार के द्वारा जन हित को देखते हुए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जन समस्याओं का त्वरित निस्पादन किया जा रहा है। जिप अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव के अंतिम लोगो तक पहुंचकर समस्या का निदान करना है। वहीं प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि इस तरह का सरकार के द्वारा उठाया गया कदम सराहनीय है। बीडीओ संजय कुमार ने कहा कि इस कैंप के माध्यम से विभिन्न विभागों से 1193 आवेदन प्राप्त हुवा है जिसमे ऑन द स्पॉट 93 आवेदन का निस्पादन कर लिया गया। सभी प्रकार का समस्या का आवेदन लिया जा रहा है। कार्यक्रम में दिव्यांगों को ट्राई साइकिल और अशहाय लोगो को कंबल, महिला समूह को सीसी की राशि और लाभुकों को योजना व पेंशन कि स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रखंड सहायक रामानुज शुक्ल, पंचायती राज विक्रांत कुमार,प्रखंड सहायक राहुल कुमार, रमना मुखिया दुलारी देवी, सिलीदाग मुखिया अनीता देवी, बहियार खुर्द मुखिया सोनी देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

# छात्र खेल को करियर के रूप में भी अपना सकते हैं : डीडीसी

**बच्चों की प्रतिभा को निखारने का काम हो रहा है: अलखनाथ पांडेय**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन शनिवार को गोविंद हाई स्कूल के मैदान में क्रिकेट के महाकुंभ का उद्घाटन डीडीसी राजेश कुमार राय, संरक्षक अलख नाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा ने दीप प्रज्ज्वलित कर और डीडीसी ने बैटिंग कर किया। इस मौके पर डीडीसी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर सही कैरियर चुनने के उचित समय है। आप सभी लोग अभी नौनिहाल हैं। आप अपना लक्ष्य को तय कर कड़ी मेहनत शुरू कर दें तभी सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि खेल न सिर्फ स्वस्थ्य शरीर के लिए जरूरी है, बल्कि आप इसे कैरियर के रूप में भी अपना सकते हैं। आयोजक को बधाई देता हूं, जो प्रतियोगिता को 22 साल से निरंतर चला रहे हैं। इस प्रतियोगिता में लड़के के साथ-साथ बेटियों को भी मौका दिया गया है। अपने कैरियर में ऐसा प्रतियोगिता नहीं देखा है। संरक्षक अलख पांडेय ने कहा कि डीपीएससीसी द्वारा बच्चों को न सिर्फ पढ़ाने का बल्कि उनके अंदर की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए भी खेल का एक प्लेटफार्म तैयार किया है। उन्होंने कहा कि खेल हमको अनुशासन सिखाता है। इस आयोजन का दर्शकों को भी बहुत ज्यादा इंतजार रहता है। उन्होंने डीडीसी से गोविंद स्कूल के मैदान को खेलने के लिए सुरक्षित रखने की मांग की।

## सभागार में बीएलओ का प्रशिक्षण आयोजित



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड सभागार में प्रखंड प्रभारी पंचायतीराज पदाधिकारी दिनेश कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड के मतदाता सूची सुधार करने के लिए शनिवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दिनेश कुमार ने बताया कि लोक सभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए मतदाता सूची में त्रुटि को सुधार करने का कार्यक्रम प्रखंड में चल रहा है। इस कार्य में बीएलओ लगातार डोर टू डोर जाकर मतदाता सूची में सुधार कार्य करने में लगे हुए हैं। इस कार्य में आने वाले परेशानियों को लेकर बीएलओ को समाधान के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जैसे नाम जोड़ने के लिए फार्म 6, नाम हटाने के लिए फार्म 7, नाम सुधार करने के लिए 8 का उपयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि किसी भी मतदाता का नाम किसी भी चुनाव क्षेत्र में एक बुथ पर ही होना चाहिए। एक व्यक्ति का मतदाता सूची में दो जगह नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर बीएलओ पर्यवेक्षक महावीर महतो, फौजदार साहू, संजय सहित काफी संख्या में बीएलओ उपस्थित थे।

## नि:शुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन




**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** माइंस अस्पताल भवनाथपुर द्वारा सीएसआर के तहत सुदूरवर्ती इलाका कोनमंडरा खोह में निःशुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सेल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय कुमार राम सेल पदाधिकारी बी दिग्गल एवं मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर डॉ विजय कुमार ने कहा सीएसआर के तहत सेल के ये कैम्प इस तरह के सुदूरवर्ती इलाकों में चलाया जाता है जिससे गरीब असहाय लोगों को मुफ्त मुफ्त चिकित्सा और दवा उपलब्ध कराया जा सके। वहीं कई एक्टिविटी भी सीएसआर की ओर से किया जाता है। आगे भी इसी तरह से क्षेत्र में निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाकर चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया जायेगा और दवा भी मुफ्त दी जायेगी। इस शिविर में 282 मरीज लाभान्वित हुए। उक्त मेडिकल कैंप में अनिला मिंज, सरोज कुमारी, मुकेश दुबे, संपूर्णानंद , नजीमुद्दीन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स ने एसबीआइ कर्मियों पर ग्राहकों से बदसलूकी का आरोप लगाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**श्री बंशीधर नगर।** चैंबर ऑफ कॉमर्स श्री बंशीधर नगर इकाई ने स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के कर्मियों पर खाता धारी के साथ मर्यादित व्यवहार नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि भारतीय स्टेट बैंक शाखा नगर ऊंटरी के कर्मी व्यवसाईयों और आमजनों से काफी बदतमीजी और आमर्यादित भाषा का प्रयोग कर बात करते हैं। उनके कार्यो को लेकर उन्हें बार-बार दौड़ाते हैं, उनको परेशान करने की पूरी कोशिश की जाती है, जिसके कारण यहां के व्यवसायी मानसिक रूप से बहुत तनाव में रहते हैं। चैंबर के गोपाल प्रसाद जायसवाल ने बतलाया कि पूर्व में भी बैंक परिसर में ही बैठक कर मामले को उठाया गया था। जिसके आलोक में बैंक कर्मियों के तरफ से कुशल व्यवहार और सहयोग करने का आश्वासन मिला था। परंतु दुर्भाग्य पूर्वक कहना पड़ रहा है कि वह आश्वासन पर कोई कर्मी खरा उतरते नजर नही आ रहे है। उन्होंने कहा कि शाखा के फील्ड ऑफिसर अजीत कुमार के द्वारा व्यवसाईयों के खातों को बार-बार होल्ड कर दिया जाता है। जिस कारण वह अपने सीसी एकाउंट से समय पर आवश्यकता पड़ने पर पैसा नहीं निकाल पाते हैं। यह बात पूछने पर वह ग्राहकों पर भड़क जाते हैं और उनसे बदतमीजी से पेश आते हैं। उन्होंने एसबीआई के वरीय पदाधिकारी से उचित करवाई करने की मांग की है।

# रंका में झामुमो छोड़ कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजयुमो रंका दक्षिणी मंडल अध्यक्ष बलराम यादव की अध्यक्षता में रंका के बिश्रामपुर में मंडल सशक्तिकरण अभियान को लेकर मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान झामुमो छोड़कर युवाओं ने भाजयुमो का दामन थामा, जिसे भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने पार्टी का पट्टा देकर शामिल किया। शामिल होने वालों में मुख्य रूप से अजय यादव उपेंद्र यादव, नंदलाल यादव, रविंद्र यादव, महेश सिंह शंकर राम, दीलीप सिंह शामिल हैं। बैठक को संबोधित करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष सह मंडल विस्तारक रितेश चौबे ने कहा कि युवाओं को हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार रहना होगा। लोकसभा विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को तैयार रहना है। उन्होंने कहा कि भाजयुमो से लगातार युवा जुड़ रहें हैं। मंडल सशक्तिकरण अभियान में मंडल से लेकर शक्ति केंद्र स्तर पर युवाओं को संगठन से जोड़ने का अभियान चल रहा है। बैठक में मुख्य रूप से पुर्व विधायक प्रतिनिधि संतोष तिवारी, प्रमोद जायसवाल,मनोज ठाकुर, गिरिवर यादव, बिरेंद्र कोरवा, अजय यादव सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त ने जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का शुभारंभ किया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को स्थानीय रामा साहू स्टेडियम में खेल कूद एवम युवा कार्य निदेशालय रांची और जिला प्रशासन गढ़वा के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का शुभारंभ उपायुक्त शेखर जमुआर के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी टीम खेल भावना से खेलें। उन्होंने कहा कि गढ़वा में खेल-कूद विभाग द्वारा आवासीय फुटबॉल केंद्र की स्वीकृति प्रदान की गयी है। जो गढ़वा के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर एसडीपीओ राम अवध यादव, शैलेन्द्र पाठक अध्यक्ष गढ़वा जिला ओलिंपिक संघ, विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, धीरज दुबे, निलेश मुर्मू, जनसंपर्क पदाधिकारी गढ़वा, अध्यक्ष फुटबॉल संघ आलोक मिश्रा, ओलंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, सुशील तिवारी, अजय कांत, धर्मेंद्र पाल, अभय कांत, राजेश पांडेय, रमाशंकर देव पांडेय, सूर्य जीत पांडेय, प्रभात तिवारी, अरविंद दुबे, ललन पहलवान, रामा शंकर सिंह, इंद्रदेव सिंह, ललन कुमार, कुश कुमार, शिवपुर मुखिया अरुण कुमार आदि खेल प्रेमी उपस्थित थे। शनिवार को खेले गए मैच में उद्घाटन मैच चिनिया बनाम रमना के बीच खेला गया। जिसमें चिनिया की टीम 4-0 से विजयी रही। जबकि बरडीहा बनाम धुरकी के बीच खेले गये मैच में जिसमें बरडीहा 2-0 से विजयी, डंडा बनाम मेराल जिसमें डंडा को वॉक ओवर में विजयी, बढ़गढ़ बनाम कांडी के बीच मैच में कांडी पेनाल्टी शूटआउट में 4-2 से विजयी, चिनिया बनाम बरडीहा मैच में समाचार लिखे जाने तक परिणाम नहीं आया है। आज के मैच के रेफरी विजय सिंह, जेम्स बड़ा, नीलकंठ सिंह, अमित, आकाश दीप ऋषि, उज्ज्वल, उपेंद्र राम थे।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जीता स्वर्ण पदक

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** स्थानीय ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के छात्रों ने इंटरनेशनल जनरल नॉलेज ओलंपियार्ड छात्रवृत्ति परीक्षा में विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक विजेता बने। बच्चों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक ने कहा कि बच्चों ने विद्यालय को गौरवांवित किया है। उन्होंने कहा कि बच्चों के इस सफलता का श्रेय उनकी अथक परिश्रम के साथ- साथ विद्यालय की विशेष शिक्षा प्रणाली, यहां के प्रधानाचार्य के मार्गदर्शन, कर्मठ व योग्य शिक्षकों की मेहनत और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध विद्यालय प्रबंधन समिति को जाता है। स्वर्ण पदक जितने वाले विजेता हैं, ग्रेड - 2 की आराध्या आनंद, ग्रेड - 4 के प्रांजल सिंह और ग्रेड - 5 के अर्णव कुमार सिंह। बताते चलें कि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, गढ़वा बच्चों के कौशल विकास योजनाओं व छात्रवृत्ति योजनाओं की प्राथमिकता और इसके आयोजन के लिए प्रतिबद्ध रहा है। पहले भी कई प्रकार की प्रतियोगिता परीक्षा और जो विषय बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है, यह विद्यालय इसे ध्यान में रखकर उसका आयोजन करता आया है। बच्चों को जागरूक करने का कार्य किया है। इस मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 मुकेश रंजन सिंह, सुमित सोनी, अमित सोनी, सत्यप्रकाश वर्णवाल, सूरज कुमार ठाकुर इत्यादि के अतिरिक्त विद्यालय के अन्य शिक्षक और शिक्षिकायें भी मजूद थे।

# सीडीपीओ ने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर वितरित किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मेराल नीतीश कुमार निशांत ने आंगनबाड़ी केंद्र तीसरटैटूका भुइयां टोला तथा पेस्का पूरब भुइयां टोला में आंगनबाड़ी केंद्र के तीन से छह वर्ष के नामांकित बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी और जिला पशुपालन पदाधिकारी तथा काफी संख्या में बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने बच्चों को को दिए जाने वाले गर्म पकाया भोजन खिचड़ी की भी जांच की। सीडीपीओ ने सेविकाओं को खिचड़ी में मौसमी साग, टमाटर, धनिया पत्ता आदि हरी सब्जियां प्रतिदिन डालने का आदेश दिया। अगर बच्चे प्रतिदिन आंगनबाड़ी आयेंगे तो खेल खेल में ही पढ़ने में रुचि लेंगे। जब वे विद्यालय जाने योग्य हो जायेंगे, तो अभिभावकों को बच्चों को विद्यालय भेजने में जरा भी कठिनाई नहीं होगी। इसलिए बच्चों में प्रतिदिन आंगनबाड़ी जाने की आदत विकसित करना जरूरी है। यह अभिभावकों की जिम्मेदारी है। मौके पर आंगनबाड़ी सुपरवाइजर एकता नाथ ,सेविका जैनुल बीबी, आराधना देवी आदि उपस्थित थीं।

## सेमीफाइनल में स्मार्ट लुक गढ़वा की टीम को हरा बलरामपुर की टीम फाइनल में



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में रंकाराज क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में रंका प्रिमियर लिग सीजन-3 के सेमीफाइनल मुकाबले में स्मार्ट लुक गढ़वा (झारखंड) को हरा कर बलरामपुर(छत्तीसगढ़) फाइनल में पहुंच गया है। टॉस जीत कर बलरामपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 103 रन बनायें। जबकि जवाबी पारी खेलते हुए स्मार्ट लुक की टीम ने 77 रनों पर घुटने टेक दिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार स्वयं सेवक अमरेंद्र कुमार के द्वारा बलरामपुर के विकास कुमार को दिया गया। कमेंटेटर की भूमिका राकेश कुमार चंद्रवंशी ने निभाई। इस अवसर पर आयोजक रंकाराज क्रिकेट क्लब के सोनू मद्धेशिया, बालाजी पांडेय, राकेश चंद्रवंशी, विरेंद्र कुमार, कमल पांडेय, संजीत कुमार और आनंद कुमार सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।05

## विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर हासनदाग पहुंचे डीसी, दिलायी शपथ



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रशासन द्वारा प्रखंड के हासनदाग में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में डीसी शेखर जमुआर के साथ कई कनीय अधिकारियों और भाजपा नेताओं ने भाग लिया। इस दौरान एलईडी रथ से भारत सरकार और राज्य सरकार के सहयोग से चल रहे योजनाएं - स्वच्छता अभियान, आवश्यक वित्तीय सेवाएं, गैस कनेक्शन, गरीबों का आवास, भोजन/पोषण, स्वास्थ्य, पेयजल और शिक्षा आदि जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए प्रधानमंत्री द्वारा बताये गये जानकारी का प्रसारण ग्रमीणों के बीच किया गया। इस दौरान डीसी आमजनों को योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया गया। साथ ही विकसित भारत संकल्प अभियान का शपथ भी दिलाया गया। कार्यक्रम में जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। कार्यक्रम मे भाजपा नेता जवाहर पासवान ने लोगों को केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम मे बीडीओ जागो महतो, मुखिया फूलमती देवी, हरेंद्र चौधरी, प्रखंड नजीर सुनील कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

# वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें: अलखनाथ पांडेय

**बीएड और डीएलएड के प्रशिक्षणार्थियों ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया**

**वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करें**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शनिवार को आरकेवीएस सिक्षण संस्थान में बीएड और डीएलएड के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान की शुरूआत संस्थान के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने प्रशिक्षणार्थियों के बीच सड़क सुरक्षा के नियम तथा सावधानियां के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। नशा और शराब पीकर वाहन न चलाये, उचित दूरी बनाकर वाहन चलाने, वाहन की गति को नियंत्रित रखने और तेज गति से वाहन को न चलाने और सड़कों पर लगे यातायात संबंधी निर्देशों का पालन करने के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने लोगों को वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को गाड़ी नहीं देना और चलाने पर प्रतिबंध की बात पर विशेष रूप से ध्यान देने की बात कही।

यह जागरूकता अभियान कॉलेज परिसर से मंझिआंव मोड तक किया गया। प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा अनुशासित तरीके से मंझिआंव मोड पर बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल सवार तथा बिना बिना सीट बेल्ट के चार पहिए वाहन पर बैठे लोगों को रोक कर सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी और एक गुलाब का फूल देकर उन्हें जागरूक किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर चंद्रदीप पांडेय तथा सभी प्राध्यापक राजेंद्र चौबे, रितेश जायसवाल, सतीश तिवारी,आनंद मिश्रा, प्रवीण दुबे, रंजना दुबे और अन्य सभी लोग उपस्थित थे।

## विजय दिवस: बच्चों ने किया पथ संचलन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा विजय दिवस पर शहीदों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित कर शौर्य गाथा को याद करके पथ संचलन नगर के प्रेम नगर शारदा नगर बसार टोली होते हुए विद्यालय में पुनः समाप्त हुआ। तत्पश्चात भारत राष्ट्र की शौर्य गाथा जिनके माध्यम से इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में अंकित है उन सैनिकों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन विद्यालय के सभागार में किया गया।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 17 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# सांसद की 'गोद' में तड़पता चंदवा का चटुआग गांव

- सांसद सुनील सिंह ने चंदवा के चटुआग को 2017 में लिया था गोद
- विकास के बड़े-बड़े दावों की खुल रही पोल
- बुनियादी सुविधाएं भी मयस्सर नहीं, की थी बड़ी-बड़ी घोषणाएं





इसी स्थान पर 2018 में सांसद सुनील कुमार सिंह ने झंडोतोलन किया था।

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार।** चंदवा के चटुआग गांव की तकदीर और तस्वीर बदलने की बड़ी-बड़ी घोषणाओं के बीच सांसद सुनील सिंह ने इसे गोद लिया था। 2017 में इस गांव को गोद लेने के समय विकास के बड़े-बड़े दावे और वादे किये गये, लेकिन आज इस गांव को बुनियादी सुविधाएं भी मयस्सर नहीं है। लातेहार चंदवा प्रखंड की कामता पंचायत के सांसद आदर्श ग्राम चटुआग, चिरोखाड़ की बदहाली का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यहां पेयजल तक की सुविधा नहीं है। 25 घर के आदिवासी समुदाय अच्छी सड़क और सुविधा के अभाव में खटिया-डोली के सहारे अस्पताल जाते हैं। यह गांव बिल्कुल पहाड़ के तराई में बसा है। मुख्य सड़क से कटा इस गांव के ग्रामीण सड़क, पानी, आवास आदि बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। सांसद आदर्श ग्राम चटुआग के टोला चिरोखाड़ की सड़क को एंबुलेंस या चारपहिया वाहन आने जाने के लायक बनाने की मांग कई बार उठी, लेकिन सांसद सुनील सिंह की नजरें इस ओर इनायत नहीं हुईं।

सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत सांसद आदर्श ग्राम चटुआग को साधन सुविधायुक्त करने, कामता पंचायत के सभी राजस्व ग्राम में सड़क, पानी, स्कूल भवन, आंगनबाड़ी केंद्र भवन की व्यवस्था ठीक नहीं है। प्रधानमंत्री आवास भी एक भी परिवार को नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों ने कहा कि सांसद आदर्श चटुआग के टोला चिरोखाड़ आदिवासी बहुल टोला है, जो अंतिम पायदान पर खड़ा है। दशकों से इस टोले में एक भी सरकारी योजनाएं नहीं चलायी गयी हैं।

**अधिकारी भी गांव की टोह लेने नहीं पहुंचे:** ग्रामीण बिशुन गोंझू ने कहा कि इस टोले में दशकों से अधिकारी, पदाधिकारी, कर्मचारी तक नहीं आये हैं। इस टोले में सुविधा के नाम पर सिर्फ बिजली पहुंची है और एक अभियान विद्यालय है। इसके अलावा कोई सुविधा नहीं है। नल-जल का दो जलमीनार लगा है, लेकिन आधे से अधिक घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

**खटिया और डोली ही बना सहारा:** डिजिटल क्रांति के इस युग में भी इस गांव में खटिया और डोली ही सहारा है। इसी के सहारे करीब 1.5 किलोमीटर तक मरीज को लेकर जाना पड़ता है। इसके बाद वाहन से अस्पताल ले जाया जाता है। कई बार देरी के कारण मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत 2017 में जब चटुआग ग्राम का चयन सांसद आदर्श ग्राम के रूप में सांसद सुनील सिंह ने किया था। उस समय लगा कि गांव की समस्या दूर होगी, लेकिन सड़क तो दूर छोटी-छोटी समस्याओं का भी समाधान नहीं हुआ। प्रधानमंत्री आवास में अधिकांश ग्रामीणों का नाम नहीं है। इसके कारण उन्हें पक्का आवास नहीं मिल पाया है।

**सांसद ने 2018 के बाद से गांव की सुध तक नहीं ली :** 2017 में जब सांसद सुनील कुमार सिंह ने इस गांव को गोद लिया था। उस वक्त के मुखिया रामधनी भगत कहते हैं कि चटवा गांव को जब गोद लिया गया था, तो विकास की उम्मीद बंधी थी,लेकिन आज तक किसी तरह का कोई विकास नहीं हुआ। सांसद खुद भी 2018 के बाद गोद लिये इस गांव की सुध नहीं नहीं पहुंचे।

## उत्क्रमित वेतनमान पर आदेश पारित कराने को लेकर वित्त मंत्री से मिला शिक्षक संघ



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उत्क्रमित वेतनमान पर उच्च न्यायालय रांची के आदेश के बाद शिक्षकों ने राहत की सांस ली है। हाईकोर्ट का आदेश का लाभ शिक्षकों को मिल सके इसके लिएझारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने अपना प्रयास भी शुरू कर दिया है। इसी बावत संघ का एक प्रतिनिधिमंडल वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव से मिलकर हाईकोर्ट के निर्णय से संबंधित एक ज्ञापन सौंप कर इसे शीघ्र लागू करने की मांग की। विदित हो कि प्राथमिक शिक्षकों को उत्क्रमित वेतनमान देने का संकल्प 2013 में जारी हुआ था। किंतु तत्कालीन वित्त सचिव राजबाला वर्मा 2014 में फिटमेंट टेबल के कुछ बिंदुओं पर समीक्षा के नाम पर रैक लगा दी थीं। वर्ष 2019 में इसी फिटमेंट टेबल का लाभ सचिवालय कर्मियों को दे दिया गया। किंतु शिक्षकों पर रोक जारी रहा। विवश होकर शिक्षक माननीय हाईकोर्ट में याचिका दायर किये थे जिसपर हाईकोर्ट का निर्णय शिक्षकों के पक्ष में आया है। प्रतिनिधि मंडल को माननीय मंत्री ने आश्वास्त किया कि उच्च न्यायालय के आदेश में शिक्षकों को उत्क्रमित वेतनमान देने का पहल जल्द की जायेगी। प्रतिनिधिमंडल में संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सुमन, महासचिव प्रेम प्रसाद राणा और सचिव मुमताज अहमद शामिल थे।

## 18 को लोहरदगा में धूमधाम से मनेगा विश्व अल्पसंख्यक दिवस: मोजम्मिल अंसारी



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष मोजमिल अंसारी की अध्यक्षता में शनिवार को राजेंद्र भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय लोहरदगा में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रखंड अध्यक्षों के साथ बैठक हुई। 18 दिसंबर को विश्व अल्पसंख्यक दिवस अपराह्न 3:00 बजे से राजेंद्र भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय लोहरदगा में मनायी जायेगी। चूंकि उसी दिन तहरीके बेदारी कॉन्फ्रेंस सुबह 9:00 बजे से होने के कारण ही विश्व अल्पसंख्यक दिवस 3:00 बजे से मनाने पर सहमति बनी। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव सवारत अंसारी, जिला अध्यक्ष मोजमिल अंसारी, जिला उपाध्यक्ष शरीफ अंसारी, जिला उपाध्यक्ष आफताब, प्रखंड अध्यक्ष असलम आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री के लातेहार दौरे को लेकर पदाधिकारी ने स्थल निरीक्षण किया



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप द्वारा आज कार्यक्रम स्थल एवं हेलीपैड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त ने माननीय मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर राजहरा हेलीपैड, कार्यक्रम स्थल जिला खेल स्टेडियम में उपलब्ध सुविधाओं और स्टेडियम को कार्यक्रम के लिए तैयार करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, सामान्य शाखा प्रभारी सुजीत सिंह, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण कमलेश कुमार मौजूद थे।

## बीएस कॉलेज में 19 से 23 दिसंबर तक इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट का होगा आयोजन

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट पुरुष का आयोजन पहली बार बलदेव साहू महाविद्यालय को मिला है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 19 दिसंबर को होगा, जिसमें रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि होंगे। यह कार्यक्रम 19 दिसंबर से 23 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें लगभग 12 टीमों के भाग लेने की संभावना है।

## जेंडर सेंसेटिव एप्रोच टू चाइल्ड प्रोटेक्शन विषय पर कार्यशाला आयोजित



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मिशन वात्सल्य की विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयनक और जेंडर सेंसेटिव एप्रोच टू चाइल्ड प्रोटेक्शन विषय पर स्वैच्छिक संगठन टीडीएच के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। कार्यशाला में टीडीएच की स्मिता द्वारा विषय के संबंध में जानकारी दी गई और बताया गया कि जब हम बचपन रहता तो उस समय की सोच अलग होती है। स्कूल जाते हैं और कॉलेज जाते हैं तो मानसिकता अलग हो जाती हैं। नौकरी करते हैं या समाज में रहते हैं या सीनियर सिटीजन के रूप में हमारी सोच महिला या पुरूष के लिए अलग-अलग हो जाती है। लिंग के आधार पर हमारी सोच अलग हो जाती हैं। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, डालसा सचिव राजेश कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला शिक्षा अधीक्षक, डॉ शंभूनाथ चौधरी, बाल संरक्षण पदाधिकारी, संरक्षण पदाधिकारी समेत सभी महिला पर्यवेक्षिका समेत अन्य उपस्थित थे।

## किराना दुकान में आग लगने से लाखों का नुकसान

भंडरा (आजाद सिपाही)। भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत उदरंगी गांव निवासी अमान अंसारी पिता सलामत अंसारी का किराना का दुकान में आग लग जाने से दुकान और दुकान में रखें सभी सामान जल कर राख हो गया। अमान अंसारी ने बताया कि दुकान में लगभग डेढ़ लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ है। दुकान जलने के बाद अमानत अंसारी पूरी तरह बेरोजगार हो गया है। मुखिया परमेश्वर महली ने बताया कि आग से प्रभावित परिवार को यथासंभव मदद करने की कोशिश की जा रही है। प्रशासन से क्षतिपूर्ति मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

मनिका (आजाद सिपाही)। मनिका प्रखंड क्षेत्र के कुमंडी रेलवे स्टेशन के समीप दिन शुक्रवार की रात्रि में रेलवे लाइन पार करने के दौरान युवक ट्रेन की चपेट में आ गया जिसके कारण युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। युवक का नाम गोविंद सिंह उम्र 25 वर्ष घर मुर्वे जंक्शन बरवाडीह बताया जा रहा है, घटना की सूचना मिलते ही मनिका प्रभारी थाना प्रभारी राजकुमार तिग्गा अपने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्ज में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया।

# साइबर अपराधी गिरफ्तार

अपराध करने वाले लोगो को किसी भी हाल में नही बक्शा जायेगा: एसडीपीओ दिलु लोहार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** जिला पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर बरवाडीह पुलिस ने लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले बिहार के एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल किया है। इस संबंध में बरवाडीह थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ दिलु लोहार ने बताया कि लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली कि कुछ साइबर अपराधियों बरवाडीह में रहकर साइबर क्राइम कर रहे हैं। जिनके विरुद्ध एनसीसीआरपी पोर्टल 1930 पर शिकायत दर्ज हुई है। तमिलनाडु की एक व्यक्ति को धानी एप से लोन दिलाने के नाम पर ठगी हुई है। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस कप्तान के निर्देश पर बरवाडीह एसडीपीओ दिलु लोहार के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। जिसमें बरवाडीह रेलवे क्वार्टर नंबर 157/ सी में रेल कर्मचारी विवेक कुमार के घर विधिवत छापामारी की गयी। रेल कर्मी विवेक कुमार ने बताया कि मेरे बेटा के जन्मदिन पर जन्मदिन मनाने हेतु उसका भाई ऋषिकेश कुमार पंकज उम्र 31 वर्ष पिता स्व0 सुखदेव राम, ग्राम लठोत, छटियारा थाना करडे शेखपुरा (बिहार) आये हुए हैं। इसके बाद पुलिस ने ऋषिकेश कुमार पंकज से पूछताछ करना शुरू किया। इसपर आरोपी पंकज ने स्वीकार किया कि यह साइबर क्राइम उसके द्वारा किया गया है। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने बताया कि अब तक चार लाख से अधिक रुपये की ठगी आरोपी द्वारा की गयी। वह बीते 6 माह से इस ग्रुप से जुड़ कर लोगों को अपना ठगी का शिकार बना रहा था। उसके पास से छापामारी में चार मोबाइल, दो पासबुक, दो चेक बुक, दो एटीएम कार्ड और फर्जी लोन का अप्रूवल लेटर बरामद हुआ है। इस छापामारी अभियान में एसडीपीओ दिलु लोहार, थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह पुअनि रवि कुमार व बरवाडीह पुलिस के कई जवान शामिल थे।

# देशभक्ति का जुनून पैदा करती है सेना की वर्दी : शिवदयाल

- सबसे बड़ी सेवा, देश की सेवा है : कृष्णा प्रसाद
- 16 दिसंबर विजय दिवस पर 16 सैनिक किये गये सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में शनिवार को विजय दिवस समारोह आयोजित हुआ। विजय दिवस समारोह पर मुख्य रूप से 16 पूर्व सीआरपीएफ जवान और आर्मी जवान सहित कार्यरत आर्मी जवान सम्मानित किये गये जवानों में कृष्णा भगत, बसंत उरांव, सहदेव तिग्गा, सुनील उरांव, तिवारी उरांव, मंजित कुजूर, दशरथ उरांव, महावीर भगत, चंद्रशेखर भगत, सुमन उरांव, धर्मदेव भगत, करण कुजूर, दिलीप भगत, दीपक कुजूर, बिरसू उरांव और सुखनाथ खेस को सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विजय दिवस पर शहीदों और भारतीय सेना के सम्मान में महाविद्यालय के भैया-बहनों द्वारा देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किया गया। विशिष्ट अतिथि पूर्व सीआरपीएफ जवान शिवदयाल उरांव ने कहा कि फौजी यूनिफॉर्म पहनने से फौजियों में जुनून साहस और देशभक्ति पैदा होती है। उन्होंने कहा कि सभी युवाओं को एक अवसर ऐसा जरूर मिलना चाहिए कि जिसमें उन्हें देश सेवा करने का अवसर मिलेशिक्षाविद् सदस्य कृष्णा प्रसाद जी ने बताया कि देश के लिए मर मिटने का जुनून एक अलग चीज होती है उन्होंने बताया कि कैसे 1971 की लड़ाई में 93000 पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सैनिकों के सामने घुटने टेक दिये।

# बांग्लादेश मुक्ति युद्ध, 1971 की स्वर्ण जंयती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला कांग्रेस कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी सकिल अहमद की अध्यक्षता मे बांगलादेश मुक्ति युद्ध, 1971 की स्वर्ण जंयती मनायी गयी। देश को अब तक की सबसे बड़ी सैन्य जीत दिलाने वा बांगलादेश निर्माण में दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के ऐतिहासिक योगदान को उजागर करने के लिए एक फिल्म बनायी गयी थी।

बांगलादेश मुक्ति युद्ध 71 की 52वीं वर्षगांठ मनाया गया। कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी सकिल अहमद ने कहा की प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी आज ही के दिन 16 दिसंबर, 1971 को पूर्वी पाकिस्तान के मुख्य मार्शल लॉ प्रशासक और पूर्वी पाकिस्तान में स्थित पाकिस्तानी सेना बलों के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आमिर अब्दुल्ला खान नियाजी ने इंस्ट्रूमेंट ऑफ सरेंडर पर हस्ताक्षर किये। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे अधिक 93,000 से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सेना और बांग्लादेश मुक्ति सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। भारत के हस्तक्षेप से मात्र 13 दिनों के इस छोटे से युद्ध से एक नये राष्ट्र का जन्म हुआ। और वर्ष 1971 के अभियान से मानवीय मूल्यों को जीवित रखते हुए भी भारत अपनी रणनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने में सफल रहा। इस मोके पर उपस्थिति कैरो प्रखंड अध्यक्ष अनीस खान कैरो महा सचिव मोजाहिद अंसारी पेसरार बी सुत्री अध्यक्ष रविंदर खेरवार बी सूत्री सदस्य विनय उरांव, आफताब आलम अन्य लोग मौजूद थे

# सरकार की योजनाओं का लाभ लें : रीना कुमारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन सदर प्रखंड के तिगरा पंचायत के बेजवाली मैदान और भंडरा प्रखंड के गडरपो पंचायत में आयोजित किया गया। सदर प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी द्वारा आमजनों को अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, जाति/आय/आवासीय/दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, राजस्व के जुड़े मामले जैसे म्युटेशन, लगान रसीद तथा ऑनलाईन रिकॉर्ड में सुधार करने से संबंधित मामले, आयुष्मान कार्ड, 15वें वित्त, जनजातीय कल्याण, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी गयी। साथ ही लोगों से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में सरकार की सभी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये। अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, आधार सेवा केंद्र, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, बिजली विभाग, नागरिक सहायता केंद्र, पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल, कल्याण विभाग, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के स्टॉल में ग्रामीणों द्वारा योजनाओं की जानकारी ली गयी और अहतार्धारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन समर्पित किया गया। कार्यक्रम में बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, धोती/लुंगी-साड़ी वितरण योजना, राजस्व में म्यूटेशन, कम्बल वितरण समेत विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच वितरण किया गया। कार्यक्रम प्रखंडों के पदाधिकारीगण और जन प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## जवाहर विद्यालय में मनाया जा रहा है गणित सप्ताह



लातेहार (आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय के बाजकुम स्थित पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय में गणि सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आचार्य रामानुजन का जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। आचार्य रामानुजन का जन्मदिन 22 दिसंबर को है। गणित सप्ताह का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय के आशीष कुमार पांडे पीजीटी शिक्षक और गणित के निर्देशन में किया गया है। इसमें मुख्य रूप से निबंध प्रतियोगिता, गणित विषय से संबंधित नाटक प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी तथा अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बच्चे बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। आज प्रातः कालीन सभा में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें बच्चों ने आकर्षक ढंग से वक्तव्य प्रस्तुत किया। मंच का संचालन विद्यालय की कप्तान रोशनी कुमारी ने किया, जबकि भाषण प्रतियोगिता में मानवी मिश्रा, अनुष्का सिंह और दीपक कुमार ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया।

## अधिवक्ता संघ के 11 वरिष्ठ अधिवक्ता हुए सम्मानित




लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा जिला बार एसोसिएशन के कार्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। 48 वर्षो से अधिक समय से विधिक कार्य से जुड़े 11 अधिवक्ताओं को शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पीडीजे राजेंद्र बहादुर पाल सहित तमाम न्यायिक पदाधिकारीगण विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर सम्मान पाने वाले अधिवक्ता भावुक दिखें। पहली बार जिला अधिवक्ता संघ के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। यह सम्मान सभी अधिवक्ताओं के लिए है। वहीं सम्मान पाने वाले अधिवक्ताओं ने कहा कि जब काम शुरू किया था तब यह दिन भी आएगा वो नहीं जानते थे। जब इन्हें मंच से सम्मानित किया जायेगा। आज खुशी का पल है और नये आने वाले अधिवक्ताओं को बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।

## आग लगने से लाखों का धान जलकर राख



कुडू - लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू प्रखंड अंतर्गत सुंदरू पंचायत के ओपा गांव स्थित खलिहान में शनिवार की शाम असामाजिक तत्वों ने खलिहान में आग लगा दी। जिससे किसान लाल निरोज नाथ शाहदेव और विजय ठाकुर के धान जलकर राख हो गया। पीड़ित किसान निरोज शाहदेव ने बताया कि सिर्फ उनका करीब तीन लाख का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि आग किसने और किस वजह से लगायी है हमें इसकी जानकारी नहीं है। हम लोगों ने इसकी सूचना कुडू अंचलाधिकारी को दी है। इस वर्ष अच्छी बारिश नही होने के कारण कुछ किसानो किसी प्रकार धान की खेती की थी। इस घटना से दोनों किसान के परिवार के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। पीड़ित किसानो ने प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगायी है। सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि खलिहान में आग लगने से धान जलने की सूचना मिली है। राजस्व कर्मचारी को रिपोर्ट के लिए ओपा गांव जाने का निर्देश दिया गया है। रिपोर्ट मिलते ही मुआवजे के लिए जिला स्तरीय अधिकारी के पास अनुशंसा की जायेगी।

## अनाज नहीं तो मनुष्य नहीं, चारा नहीं तो पशु नहीं : उरांव




बालूमाथ (आजाद सिपाही)। 16वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक कृषि विज्ञान केंद्र बालूमाथ लातेहार में रखी गयी। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक विधि से खेती और पशुपालन करने की बात कही। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय से वरीय वैज्ञानिक सह प्रधानाध्यापक डॉक्टर वीरेंद्र कुमार यादव ने वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में अपने संबोधन में किसानों को पशुओं के लिए चारा की खेती करने की सलाह दी। जिससे पशुओं को सही संतुलित पोषक आहार मिले और उनके स्वास्थ्य अच्छा रहें। इस कार्यक्रम में जिले से पशुपालन पदाधिकारी, कोऑपरेटिव ऑफिसर, मत्स्य पदाधिकारी, चंदवा से समाज विकास संस्थान के पदाधिकारी और जेटीडीएस के अधिकारी मौजूद थे। इन्होंने सभी अपने विषयों पर किसानों के सामने विचार रखें इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पकरी, चेताग, कलकलिया, गाड़ी, इचाक और कोमर से काफी किसान मौजूद थे और जनजातिय उप विकास योजना अंतर्गत कृषि यंत्र का का लाभ उठाया।

# झारखंड आंदोलनकरियों ने राज्यों में की नाकेबंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** झारखंड आंदोलनकरियों ने पूर्व निर्धारित दो दिवसीय आर्थिक नाकेबंदी कार्यक्रम के तहत शनिवार को ड़ाडहा में नेशनल हाइवे को जाम कर दिया। जाम की सूचना मिलते ही थानेदार आदित्य कुमार चौधरी दलबल के साथ जाम स्थल पहुंचकर आंदोलनकारियों को समझाकर जाम हटवाने में सफल रहे। दो घण्टे की जाम में दोनों छोर पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी।

आंदोलनकारी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुनील भगत ने कहा कि हजारों आंदोलनकारी अलग राज्य के लिए अपना जीवन खपा दिया। आज आंदोलनकारी दिशोम गुरु शिबू सोरेन और उनके पुत्र हेमंत सोरेन की सरकार होने के बाद भी आंदोलनकारी अपनी पहचान और मान सम्मान के लिए संघर्ष कर रहे हैं, इससे बड़ी दुर्भाग्य आंदोलनकारियों के लिए हो ही नहीं सकती है। आंदोलन चिन्हितिकरण में जेल जाने की बाध्यता जब तक खत्म नहीं होती है और आंदोलनकारियों को मान सम्मान के साथ 50 हजार पेंशन,बच्चों को निशुल्क शिक्षा नही मिलती है। तब तक आंदोलन जारी रहेगा। रविवार 17 दिसंबर को भारी संख्या में आंदोलनकारी रोड में उतरकर चक्का जाम करेंगे।

मौके पर मनोज वर्मा, जुबैर अंसारी, जोसेफ आभास मिंज,जीतवाहन साहु, सीता देवी, जैतून टोप्पो, मिनी लकड़ा, लक्ष्मी देवी, पदमुनी देवी, सुदेश्वरी देवी, मुरलराम, तारक भूषण कुजूर, उमेश उरांव, सीताराम उरांव सहित कई आंदोलनकारी उपस्थित थे।



## आर्थिक नाकेबंदी की सूचना पर पहुंचे थानेदार, आंदोलनकारियों ने एक न सुनी

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** बनारी में गाड़ी रोके जाने की सूचना पर बिशुनपुर थाना प्रभारी कुंदन कुमार मौके पर पहुंच कर आंदोलनकारियों को गाड़ियों को ना रोकते हुए अपनी मांगे रखने की बात कही परंतु आंदोलनकारी अधिकारी का एक न सुनी और खुद को गिरफ्तार कर थाना ले जाने की मांग करते रहे। इस बंद से प्रभावित बॉक्साइट ट्रक अन्य मालवाहकों की सड़क की दोनों छोर लंबी कतार लगी रही। हालांकि देर शाम कुछ बॉक्साइट ट्रक अन्य रास्ते का इस्तेमाल करते हुए सड़क से गुजरते देखें गये।




## दो दिवसीय आर्थिक नाकाबंदी शुरू

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के झारखंड आंदोलनकारी जन संघर्ष मोर्चा के बैनर तले संघ के केंद्रीय संयोजिका रोजलीन तिर्की के नेतृत्व में शनिवार को बनारी चेक नाका के समीप अहले सुबह सड़क पर उतरकर बॉक्साइट ट्रक एवं अन्य मालवाहक वाहनों को रोक दिया। साथ ही राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इधर रोजलीन तिर्की ने कहा कि झारखंड सरकार आंदोलनकारी की जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए बॉक्साइट उत्खनन से सरकार को प्राप्त हो रहे हैं 26 परसेंट रॉयल्टी की राशि को हम आंदोलन कार्यों को देना सुनिश्चित करें क्योंकि हम लोगों ने झारखंड स्थापना के लिए खूब लड़ाइयां लड़ी एवं संघर्ष किया इस लड़ाई में हम लोगों के पति भाई बहन आदि लोगों ने अपना प्राण तक न्योछावर कर दिया तब जाकर हमें झारखंड मिली है। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से सरकार हम लोगों को सिर्फ आश्वासन देकर संतुष्ट करने का काम कर रही है परंतु अब हम लोग अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। इस निमित पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत आज प्रखंड के तमाम आंदोलनकारी दो दिवसीय पुरे भारत में बुलाई गई आर्थिक नाकेबंदी का समर्थन कर रहे हैं। सरकार हम लोगों की मांगे पूरा नहीं करती है तो पुनः हम लोग केंद्रीय कमेटी के निर्णय के अनुरूप आगे की रणनीति तय करेंगे। इस मौके पर स्टीफन किंडो सुषमा कुजूर जगदीश लकड़ा प्रभा मिंज सुधीर तिग्गा किशोर गिद्ध सहित अन्य आंदोलनकारी सड़क पर डटे हुए थे।

# सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को छारदा पंचायत में शिविर का आयोजन गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक जिग्गा सुसारन होरो व विशिष्ट अतिथि के रूप में पुर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव उपस्थित हुई। कई लोगों का आंनद द स्पॉट समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है, वहीं और आवेदनों पर प्रक्रिया के तहत सभी आवेदनों पर जांचोपरांत जल्द से जल्द लाभ दिया जाएगा। शिविर के माध्यम से गांव गांव की समस्याओं की जानकारी प्राप्त हो रही है, और सीधे जनता से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। वहीं गीताश्री उरांव ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम राज्य सरकार की बहुत अच्छी पहल है। इससे जुड़कर लोग अपनी समस्याओं और सरकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएं। शिविर में सभी विभागों का स्टॉल लगाकर जनता के समस्याओं व योजनाओं का आवेदन लिया गया। इस दौरान अबुआ आवास योजना के स्टॉल में सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली। पंचायत में अबुआ आवास के कुल 868 आवेदन प्राप्त हुआ। साथ ही शिविर में 150 असहाय वृद्धों को कंबल व 60 लोगों के बीच धोती-साड़ी लुंगी का वितरण, 200 पौधा वितरण, सावित्री बाई फुले योजना व साईकिल हेतू छात्राओं को चेक सहित विभिन्न विभागों द्वारा परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मौके पर प्रमुख मीना देवी, बीडीओ रमेश कुमार यादव, मुखिया पार्वती देवी, पंस फागेश्वर भगत, सहित सभी विभागों के कर्मी-अधिकारी, जनप्रतिनिधि व जनता उपस्थित थे।



## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिवराजपुर गांव में आयोजित

घाघरा (आजाद सिपाही)। घाघरा प्रखंड के शिवराजपुर गांव में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीडीओ दिनेश कुमार, थाना प्रभारी अमित चौधरी, मुखिया विनोद उरांव शामिल हुए। कार्यक्रम में अबुआ आवास, पेंशन, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कल्याण विभाग, बाल विकास विभाग, मनरेगा, वन विभाग, मत्स्य विभाग, सहित कई अन्य विभागों के स्टाल लगाये गये। जिसमें ग्रामीणों द्वारा आवश्यकता अनुसार अपने आवेदन को भरकर संबंधित स्टाल में कर्मियों को जमा किया। वही घाघरा पुलिस द्वारा भी स्टॉल लगाकर लोगों को साइबर ठगी नशापन डायन बिसाही जैसे कई मामलों को लेकर थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी द्वारा लोगों को जागरूक किया गया।



मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करना है आपलोग अधिक से अधिक फार्म जमा कर लाभ उठाये। इस मौके पर उपस्थित लोगों में बीपीओ बेबी कुमारी, सुपरवाइजर राजेश्वरी देवी, मुखिया विनोद उरांव, कृष्णा कुमार लोहरा, उपेंद्र उरांव, निर्मल उराव, सेराज अंसारी, नसीम अंसारी, अशोक कुमार सतीश कुमार सहित कई विभाग के पदाधिकारी कर्मी ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मालम में आयोजित

चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर प्रखंड के मालम पंचायत में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर शिशिर कुमार सिंह, जीप सदस्य मेरी लकड़ा, प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रजल्वित कर कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 375 लाभुकों ने अबुवा आवास के लिए ने आवेदन दिया । वहीं मनरेगा, कृषि, पशुपलन, सर्वजन पेंशन योजना, स्वस्थ विभाग, कल्याण विभाग, उद्योग विभाग, श्रम विभाग, समेत अन्य सभी विभागो के द्वारा स्टॉल लगाया गया। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डा. शिशिर कुमार सिंह ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आप लोग भरपूर लाभ उठाएं। झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन जमा करे। जिनका कच्चा मकान है वे पक्का मकान के लिए आवेदन कर सकते हैं। के,सी,सी, मुख्यमंत्री सृजन योजना, मनरेगा बिरसा सिचाई कूप, पशुधन योजना एवम अन्य योजना का भी लाभ ले सकते है। इस दौरान महिला समूहों व लाभुकों के बीच परिसंपतियो का वितरण किया गया। मौके पर आवास समन्वय कमलेश बारला,राजेंद्र तिर्की ,बाल विकास विभाग कवेरी, कल्याण पदाधिकारी हुलेस प्रसाद, पशुपालन पदाधिकारी धर्म रक्षित विधार्थी, उद्योग विभाग, समन्वयक बिमला कुमारी, श्रम विभाग सरस्वती देवी , पंचायत सचिव कुंवर राम मोची, मुखिया गुंजन मार्था केरकेट्टा सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## ब्रीफ खबरें

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल, एक रेफर

गुमला (आजाद सिपाही)। जशपुर रोड स्थित बिरसा मुंडा एग्रो पार्क के समीप बुलेट व बाइक में सीधी भिड़ंत हो गयी। घटना में रामनगर निवासी अमन बड़ाइक और लक्ष्मण नगर निवासी रितेश कुमार और उसका साथी बनालात कटिया निवासी किशन गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार किशन और रितेश बस स्टैंड स्थित सूडी धर्मशाला में शादी समारोह से अपने घर लक्ष्मण नगर जा रहे थे तभी पार्क के समीप विपरीत दिशा से आ रही बुलेट से सीधी भिड़ंत हो गई घटना में बुलेट चालक अमन गंभीर रूप से घायल हो गया। वही अमन के साथ पीछे बैठे युवक को चोट नहीं लगी। अमन के पैर व शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट लगी। घटना की जानकारी पर गुमला थाना के एस आई दबंग पांडे सदर अस्पताल पहुंचे और घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली। वही बनालात कटिया निवासी रितेश की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजनों व दोस्तों की काफी भीड़ सदर अस्पताल में लग गयी। घटना शुक्रवार की रात 10:00 बजे की है।

### अज्ञात बाइक की टक्कर से युवक घायल


गुमला (आजाद सिपाही)। पालकोट प्रखंड अंतर्गत मारदा स्कूल बघिमा के समीप एक अज्ञात बाइक की टक्कर से बघिमा निवासी 20 वर्षीय अभय बड़ाइक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में उसके चेहरा हाथ पैर सहित शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी है। वही उसके कान से खून का रिसाव बंद नहीं हो रहा था। घटना की जानकारी देते हुए उसके साथी संतोष बड़ाइक ने बताया हम लोग दोनों बाइक से मलई मेहमान जा रहे थे तभी मारदा स्कूल के समीप सामने से एक बाइक तेज गति से आकर टक्कर मार दिया इसके बाद अज्ञात बाइक बघिमा की तरफ भाग गया। वही हम लोग दोनों सड़क पर गिर गए। मुझे हल्की चोट लगी जबकि अभय को गंभीर चोट लगी। घटना की जानकारी परिजनों को मिलने के बाद तत्काल उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने इलाज कर गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया। घटना शुक्रवार की रात 9:00 बजे की है।

### बसिया में विजय दिवस मनाया गया



बसिया (आजाद सिपाही)। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में विजय दिवस मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने भारत माता के चित्र व तिरंगा झंडा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्पार्चन कर किया साथ हीअन्य शिक्षकों तथा विद्यालय में सक्रिय चारों सदनों क्रमशः शिवजी सदन,टैगोर सदन,विवेकानंद सदन तथा बिरसा सदन के सदन प्रमुख छात्रों ने भी पुष्पार्चन किया।शिक्षक धनंजय कुमार सिंह ने विजय दिवस मनाने की कहानी बताते हुए 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के नायक गुमला जिला के शहीद परमवीर अल्बर्ट एक्का को याद किया।शिक्षक आर्यन शाह ने छात्रों में देशभक्ति का भाव भरते हुए विस्तार से 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की कुछ बातें सुनाई। प्राचार्य श्री सिंह ने भी छात्रों को बंगलादेश के गठन और युद्ध क्षेत्र में अल्बर्ट एक्का के अदम्य साहस की कहानी सुनाते हुए कहा कि देश के वीर सैनिक रातों को जगते हैं तब हम घरों में चैन से सोते हैं।

### चैतु उरॉव ने किया गजराज प्रभावित गांवों का भ्रमण



गुमला (आजाद सिपाही)। कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतु उराँव ने गजराज प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान कामडारा प्रखंड के रामतोलया पंचायत में ग्रामीण के साथ उन्होने मुलाकात कर समस्याओं की जानकारी ली। उन्होने ग्रामीणों से विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, आवास,राशन कार्ड, पेयजल ,रोड, खराब हुए ट्रांसफर जैसे मुलभुत समस्याओं एवं गजराज के द्वारा क्षति के बारे में पूछताछ की। ग्रामीणों ने बताया कि केनालोया , चितापिडी, झोराटोली, रामतोलया गांवों में गजराजों द्वारा क्षती पहुंचाई जा रही है। शाम होते ही लोगों में डर का माहौल है रामतोलया पंचायत के ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया कि बीते साल गजराज के द्वारा धर का नुकसान किया गया था परन्तु अभी तक मुआवजा नहीं मिल पाया है। सभी समस्याओं से अवगत होकर चैतु उरांव ने कहा कि समय-समय पर ग्रामीणों को एक साथ बैठकर अपने एवं गांव के विकास हेतु चर्चा परिचर्चा करना चाहिए ग्राम सभा के माध्यम से अपने ग्राम के विकास हेतु कार्य योजना तैयार कर संबंधित विभाग को एवं पदाधिकारी को समर्पित किया जाना चाहिए।मौके पर कोंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजीत केरकेट्टा, जिला सचिव तरुण गोप, सुनीता तोपनो, प्रखंड महासचिव पतरस होरो, पं अध्यक्ष ईशरविया तोपनो,इमरेशिया तोपनो,सिलास पहान, एमानुएल टोपनो, अशोक टोपनो,शनिचर झोरा, विरसा झोरा, भाकु झोरा,शनीयारो, देवी, मोनिका देवी, बसन्ती देवी,असरिता देवी, वुधवा झोरा, ननका झोरा, सोमारी देवी समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

# गुमला की टीम एक गोल से जीती

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला ।** पर्यटन कला खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग अंतर्गत खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय रांची झारखंड के तत्वाधान में परमवीर अल्बर्ट एकका स्टेडियम गुमला में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 का शुक्रवार की देर शाम समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद के प्रशासक दिलीप कुमार उपस्थित थे। दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में खेल के मैच के पहले दिन बालिका वर्ग में सिसई व कामडारा के बीच खेला गया। मैच में सिसई की बालिका टीम ने तीन शून्य से कामडारा को पराजित किया। वहीं शुक्रवार को गुमला व भरनो बालक वर्ग के बीच मैच खेला गया। जिसमें गुमला की टीम ने भरनो को एक शून्य से पराजित किया। नगर परिषद गुमला के प्रशासक दिलीप कुमार और खेल पदाधिकारी गुमला मनोज कुमार ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को शील्ड व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर परिषद के प्रशासक दिलीप कुमार ने कहा गुमला खेल नगरी के रूप में जाना जाता है। ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में काफी प्रतिभाएं छुपी हुई है जो खेल के माध्यम से सामने आता है। वही इस क्षेत्र के कई खिलाड़ी आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गुमला का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा धैर्य मेहनत लगन के साथ खेल के प्रति अपनी जुनून को प्रदर्शित करें मंजिल आपके कदम जरूर चूमेगी। इस अवसर पर खेल पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा गुमला जैसे छोटे जिला में ग्रामीण क्षेत्रों में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो खेल के प्रति समर्पित हैं। हम वैसे खिलाड़ियों को मंच प्रदान करते हैं जिससे वह अपनी प्रतिभा को सामने लाते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महिला प्रशिक्षक वीणा केरकेट्टा, बिबयानी कोंगाड़ी, कोच रिजवान अली, सतीश मिंज, आलोक, सुबीर, अनीता बेक, पीटर, संदीप, रेशमा बानो, रायमुनि, निर्मला, रेफरी की भूमिका में डिप्टी चेयरमैन रेफरी झारखंड रेफरी बोर्ड के साजिद सहित कई लोगों की भूमिका सराहनीय रही।

# प्रभु यीशु शांति और प्रेम के प्रतीक : बिशप

**झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन ने शहर में पहली बार निकाली क्रिसमस शोभा यात्रा**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के तत्वाधान में क्रिसमस शोभायात्रा सह क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन किया गया। क्रिसमस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में खीस्त विश्वासी नाचते एवं झूमते हुए शामिल रहे। यह शोभा यात्रा लूथरन चर्च से शुरू होकर ऑडिटोरियम तक चली। इस शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण लाइव गाना क्रिसमस कैरोल रहा। साथ में सांता क्लॉज ने भी लोगों को चॉकलेट बांट कर क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित बिशप स्वामी फादर लिनुस पिंगल एक्का ने कहा झारखंड क्रिश्चियन यूथ संगठन का प्रयास सराहनीय है। प्रभु यीशु मसीह शांति और प्रेम का प्रतीक है, हमें भी शांति का प्रतीक बनना है, नफरत हिंसा से दूर रहे, यीशु त्याग का प्रतीक है दूत बन कर आगे आना है। अध्यक्ष हेमंत कुमार ने कहा कि बाइबल इस बात को बतता है कि यहूना 3:16, में परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम किया कि उसने अपना एकलौता पुत्र दे दिया ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे वह नाश ना हो परंतु अनंत जीवन पाय, परमेश्वर ने हम मनुष्य जाति से बेहद प्रेम करने के कारण अपना एकलौता पुत्र को इस धरती पर भेजा, यीशु मसीह किसी जाति , धर्म , समुदाय का निर्माण करने नहीं किसी धर्म का प्रचार करने के लिए नहीं परंतु समस्त मानव जाति का उद्धार करने पाप से क्षमा एकता प्रेम और शांति का संदेश देने के लिए आया,इस लिए हम सभी मसीह भी अपने जीवन से मसीही एकता प्रेम और शांति एक दूसरे को मानवता का संदेश देकर मसीह का गवाह बने, अब जरूरत है हम सब को एक होने के ताकि हम समाज में उदाहरण बन सकें। झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन सभी मसीह समाज को लेकर चल रही है, हम सबों को भेदभाव मिटा कर मसीही गवाह बनना है, प्रभु यीशु मसीह उदाहरण बने हैं, हम उसे प्रेम और त्याग को कभी नहीं भुलाये,संगठन के संरक्षक अमित एक्का ने कहा क्रिसमस हमारे लिए ढेर सारा प्यार और खुशियों को लेकर आता है ।इस क्रिसमस के त्यौहार में आप इस तरह खुशियां मनाएं की आपकी खुशी किसी के लिए परेशानी का सबब न बने। हर किसी के साथ प्यार बाटते हुए इस क्रिसमस को बताये। क्रसमस कैरोल के बाद पूरा जुलूस बख्तर साय मुंडन साय स्टेडियम में सभा में बदल गई इस सभा में 22 चर्च के मसीह विश्वासियों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किया।मोके पर रोबर्ट टोप्पो, उत्तम बेक, सजीत पन्ना, अन्थोनी लकड़ा, होसियाना तिर्की, सेत कुमार एक्का, जयमानती एक्का, अतुल तिग्गा, सुनील कुमार, सौरभ एक्का, अर्पित टोप्पो,, अनीस, अभिषेक कर-केरट्टा, विनय करकेरता, अमृत तोपनो, मेरी किरण टोप्पो, कुलदीप उराव,जासिंता बेक, रेव निष्ठार, विनोद वरवा, शंकर दयाल बिरजिया, रोबर्ट टोप्पो, आदि उपस्थित रहे।

## गुमला के प्रणव को दिल्ली में मिला नेशनल आइकॉन अवॉर्ड का खिताब

गुमला (आजाद सिपाही)। बेहरा टोली निवासी प्रेम सागर के पुत्र प्रणव सागर ने रियल एस्टेट में अग्रणी स्थान प्राप्त कर दिल्ली मे नेशनल आइकॉन अवॉर्ड का खिताब जीता। पेशे से सिविल इंजिनियर और मार्केटिंग मे एम बीए किए प्रणव ने गुमला का नाम रौशन किया है।उन्होने अपना नाम सागर प्रॉपर्टी एंड फाइनेंशियल जरिए रियल स्टेट की दुनिया के शीर्ष पर पहुंचाया है। इसके लिए उतर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान मे सांसद सदस्य जगदंबिका पाल द्वारा दिल्ली मे रियल एस्टेट क्षेत्र मे उभरते शीर्ष उद्यमी के रूप मे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय आइकॉन पुरुस्कार से नवाजा गया है। इस संबंध में प्रणव को शुभकामना देते हुए चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने बताया कि प्रणव सागर मृदुभाषी और सरल स्वभाव के है। गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स उनको बधाई देती है और उनके उज्वल भविष्य की कामना करती है। बधाई देने वाले मे चेंबर उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल, सचिव बबलू वर्मा, सहसचिव नीरज गुप्ता, पीआरओ प्रणव साहु, आदित्य गुप्ता, राजेश लोहनी गुनु शर्मा, राहुल केशरी, गोलू मंत्री, आनंद गुप्ता, इमतियाज, बबलू गुप्ता ज्योति कुमारी ललिता गुप्ता, सोनी भगत, सुषमा गुप्ता, ब्रिज फोगला, प्रदीप सोनी, मनिष कुमार, विजय शंकर दास, सतनारायण पटेल, पूर्व अध्यक्ष सरजू साहू, एफजेसीसीआइ के उपाध्यक्ष अमित महेश्वरी के नाम शामिल हैं।


## खास खबरें

### बाल विवाह मुक्त ग्राम बनाने का लिया गया संकल्प



गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला-लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान एवं प्रखंड प्रशासन के संयुक्त प्रयास से गुमला प्रखंड अंतर्गत कतरी पंचायत के ग्राम चहरू में ग्राम प्रधान के अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में मुखिया शशी भूषण भगत लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान क्षेत्रीय कार्याकर्ता रानी देवी, ग्राम प्रधान सहाय उरांव,वार्ड सदस्य सुनिता देवी ,सेविका करमी देवी स्वस्थ सहिया मणी देवी सहित ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक में गांव को बाल विवाह मुक्त ग्राम बनाने का संकल्प लिया गया। साथ ही बाल मजदूर बाल व्यापार बाल एवं शोषण पर रोकथाम करने का निर्णय लिया गया। उपस्थित सभी सदस्यों के साथ चर्चा पर परिचर्चा कर सर्व सहमति से नियमावली तैयार किया गया जिसमें गांव का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा गांव के सभी बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराया जाएगा। गांव में किसी भी बच्चे से मजदूरी का काम नहीं कराया जाएगा साथ ही उचित संहिता के लिए संबंधित विभाग से जोड़ा जाएगा।गांव में किसी भी लड़की की शादी 18 वर्ष और बच्चा लड़का की शादी 21 वर्ष पूर्व नहीं किया जाएगा।गांव में किसी भी लड़की या लड़का के साथ यौन शोषण होने से रोका जाएगा। गांव अंतर्गत उपयुक्त नियमों का उल्लंघन किए जाने पर संबंधित व्यक्ति या परिवार को भारतीय संविधान के नियम अनुसार कार्रवाई किया जाएगा साथ ही ग्राम प्रधान द्वारा सभी नियमों को शक्ति के साथ पूरे गांव में लागू करने का प्रस्ताव किया गया और सभी ग्रामीण परिवारों को नियमों का पालन करने का सर्व सहमति से निर्णय लिया गया।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मना विजय दिवस



गुमला (आजाद सिपाही)। वर्ष 1971 को पाकिस्तान पर ऐतिहासिक विजय के नायक रहे भारतीय सेना के वीर जवानों के शौर्य और बलिदान को नमन करते हुए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में विजय दिवस मनाया गया। विद्यालय परिसर में शनिवार को भारतीय सेना के दो पूर्व सैनिक समरू सिंह तथा रामचरित्र सिंह का स्वागत तथा सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष राम किशोर रजक, सचिव विजय बहादुर सिंह,समिति सदस्य अनमोल गुप्ता तथा प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा की उपस्थिति रही। मंच का संचालन तथा अतिथि परिचय आचार्य संजय कुमार तथा किशोर भारती के द्वारा किया गया। राम चरित्र सिंह जो आर्मी चिकित्सा कोर में शामिल थे, उन्होंने अपने जीवन का संस्मरण बताते हुए विद्यार्थियों को सेना में जाने की प्रेरणा दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा विजय दिवस हमें भारतीय सेना के इतिहास और शौर्य को याद कर उन पर गर्व करने का दिन है। अपने अध्यक्षीय भाषण में अध्यक्ष राम किशोर रजक ने कहा देश की सच्ची सेवा अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठ जीवन है। हमें आज के दिन भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने की शपथ लेनी चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने भैया बहनों से अपील करते हुए कहा कि आप अपने कर्तव्यों का निर्वहन इमानदारी पूर्वक करें यही सच्ची राष्ट्रभक्ति है। इस अवसर पर छात्र छात्राओं के द्वारा सैनिकों के सम्मान में देशभक्ति गीत तथा पिरामिड का निर्माण किया गया। प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा के धन्यवाद ज्ञापन किया।

### नौकरी दिलाने के नाम पर 2.65 लाख की ठगी

गुमला (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र की एक विधवा महिला को सीसीएल में नौकरी दिलाने के नाम पर दो लाख 65 हजार रुपए ठगी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में भुक्तभोगी महिला सोसो निवासी जया देवी ने दुठी मानगढ़ हजारीबाग निवासी अभिषेक सिंह व अशोक नगर रांची निवासी चंचला बोस को आरोपी बनाते हुये गुमला थाना में उपरोक्त दोनों के विरूद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि भुक्तभोगी महिला कौशल प्रशिक्षण के तहत आइटी सेक्टर में कंप्यूटर विषय पर फरवरी 2021 में ट्रेनिंग की थी। जिसके बाद प्लेसमेंट देने का बात कहा गया था उसी समय कौशल प्रशिक्षण के ट्रेनर अभिषेक व चंचला ने उसे सीसीएल में नौकरी दिलाने के नाम पर विभिन्न तिथियों को दो लाख 65 हजार रुपये ले लिया। जब उसकी नौकरी नहीं लगा, तो उसने अपने पैसा वापस मांग की जिस पर आरोपियों ने उसे पैसा नहीं लौटाया। वहीं आरोपियों के द्वारा भुक्तभोगी महिला को धमकी दिया जाने लगा। उन्होंने उपरोक्त आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये अपना पैसा रिकवरी का मांग किया है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 17 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in



## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

# ग्रामीण केंद्रीय योजनाओं का लाभ उठायें : वीडी राम

- सांसद ने केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में दी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पाटन प्रखंड के ग्राम पंचायत उताकी एवं पाल्हे कला में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर सांसद श्री राम ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र के सभी पंचायतों में सरकार की प्रमुख योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान,जनधन योजना,सुरक्षा बीमा योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना इत्यादि योजनाओं की समुचित जानकारी जनता को दी जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी को पहुंचाना और उनके बीच केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर प्रचार-प्रसार के माध्यम से जागरूकता पैदा करना तथा उन्हें उपरोक्त सभी योजनाओं का लाभ दिलाना है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के सपने 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित देश बनाने को साकार करना है। आप सभी अपने-अपने ग्राम पंचायतों में निर्धारित स्थान पर उक्त कार्यक्रम में अवश्य सम्मिलित होकर केन्द्र सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करें एवं इसका लाभ उठायें। उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें उपस्थित लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। शिविर में टीवी रोग से ग्रसित मरीजों को मुफ्त में दवाइयां दी जा रही है साथ ही स्किल सेल एनीमिया की जानकारी प्रदान की जा रही है। ड्रोन दीदी कार्यक्रम के अंतर्गत ड्रोन से दवाइयों एवं खाद के छिड़काव का जीवंत प्रदर्शन किसानों के समक्ष दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा कार्यक्रम का मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के माध्यम से भी उपरोक्त योजनाओं के संबंध में उपस्थित जनता को दी जा रही है। साथ ही इस कड़ाके की ठंड में उपस्थित जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर डीडीसी रवि आनंद, जेएसएलपीएस के विमलेश शुक्ला, भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे, विभाकर नारायण पांडेय, परशुराम ओझा, प्रफुल्ल कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रमोद कुमार सिंह, भोला सिंह, जिला प्रतिनिधि विजय ओझा, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश पांडेय, सुमन गुप्ता, पाटन प्रमुख शोभा देवी, सीओ दीपक झा, जिला सांसद सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, ईश्वरी पांडेय, संतोष तिवारी, उताकी पंचायत की मुखिया प्रतिमा देवी, पाल्हे कला पंचायत की मुखिया लीलावती देवी, विशाल दुबे, कौशल झा, प्रदीप पासवान, राजीव पांडेय, लव सोनी, निरंजन पासवान, अर्जुन तिवारी, प्रदीप चंद्रवंशी, धीरेंद्र सिंह उपस्थित थे।

## पुल निर्माण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास

# एक-एक गांव का हो रहा है विकास : कमलेश सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद के झरगड़ा उतरी ग्राम में सुवरदह नदी पर पुल निर्माण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास किया। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के एक- एक गांव का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव की नली गली का निर्माण विधायक कोटा की राशि से जनता की सहमति लेकर की जा रही है। उन्होंने कहा कि हर एक ग्रामीण सड़को का जीर्णोद्धार के अलावा नई सड़को का निर्माण भी किया जा रहा है। कई सड़कों व पुल के निर्माण की स्वीकृति के बाद निविदा की प्रक्रिया चल रही है। काफी पुरानी मांग सुअरदाहा नदी पर पुल निर्माण की थी, उसे भी पूरा कर दिया गया है। गांव -गांव में छठ घाट का निर्माण किया गया है। ग्रामीणों की मांग पर क्षेत्र की समस्या दूर करने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन करने के लिए चार टीम बनाई गई है। चारों टीम अलग अलग गांव में स्वीकृत योजनाओं का शिलान्यास कर रही है।उन्होंने योजनाओं पर बेहतर कार्य कराने की जिम्मेदारी ग्रामीणों को दी है। कार्यक्रम में एनसीपी प्रवक्ता सह प्रखंड बिससुत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, विनय पासवान, नरेश रजवार, सुबालाल यादव,राम राज यादव, सुरेंद्र ठाकुर, इंदल ठाकुर,नंदू यादव,सुनील यादव, अनुज पासवान रामनाथ बारी, जानकी रजवार, हंसराज सिंह, प्रमोद पासवान आदि शामिल थे।

# सरस्वती विद्यालय मंदिर जपला में मना विजय दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में भारतीय सेना के अदम्य साहस व शौर्य की गौरवमयी वीरगाथा विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भूतपूर्व कैप्टन दुखन सिंह, सुबेदार अशर्फी पाल,नैब सुबेदार राम प्रसाद सिंह, सुधीर सिंह, सुमेर सिंह, कामाख्या नारायण सिंह,प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती व भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलित कर 16 दिसंबर 1971 के ऐतिहासिक विजय के नायक भारतीय सेना के वीर जवानों को नमन किया। प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे ने सन- 1971 का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि विश्व में वह पहली घटना थी, जब भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान के लगभग 93 हजार सैनिकों से आत्मसमर्पण कराया और उन्हें युद्ध बंदी बनाकर विजय पताका फहराया। इस विजय के उपलक्ष्य में संपूर्ण भारतवासी 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाते हैं।वहीं कैप्टन दुखन सिंह ने बच्चों को 1965, 1971 तथा कारगिल युद्ध की जानकारी दी। बताया कि कैसे सैनिक अपने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा करते हैं।राष्ट्र सेवा को सर्वोच्च स्थान देते हुए उन्होंने उपस्थित बच्चों को राष्ट्रीयता की सीख दी।नैब सुबेदार सुधीर सिंह ने कहा कि 1971 भारत-पाक युद्ध में पाकिस्तान को किस तरह हार का सामना करना पड़ा और बांग्लादेश के रूप में एक नए देश का गठन हुआ इसके बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मृत्युंजय प्रसाद,शशि कुमार,जयनारायण सिंह, जयनारायण सिंह,अभिषेक पाठक,धर्मेंद्र कुमार, हर्षदा चौबे, राजेश्वर सिंह यादव,रंजीत मिश्रा, चंदन कुमार,सुनील गुप्ता सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

# उत्कृष्ट छात्रों को स्कॉलरशिप देगा संत मरियम स्कूल प्रबंधन : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** किसी भी राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की एक अहम भूमिका होती है। बेहतर, विकसित, समृद्ध, सशक्त भारत की परिकल्पना उत्कृष्ट शिक्षा से ही संभव है। बदलते परिदृश्य के अनुसार शिक्षा के स्तर में भी व्यापक परिवर्तन देखने को मिलता है। अगर हम विकसित राष्ट्र की बात करें तो हम पाते हैं की अलग-अलग राष्ट्रों में बच्चों को पाठ्यक्रम के अलावा विभिन्न तकनीकी कौशल की शिक्षा प्रदान की जाती है। निश्चित रूप से यह कौशल उस बालक के साथ, उसके समाज और अंततः राष्ट्र के निर्माण में एक अहम भूमिका निभाती है। विकसित राष्ट्रों की परिकल्पना को संजोए हुए हम सभी देशवासियों का यह परम कर्तव्य है कि राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दे।

संत मरियम स्कूल अपनें स्थापना काल से ही समृद्ध और सशक्त भारत के निर्माण में अपनी महत्ती भूमिका निभा रहा है। प्रारंभिक समय से ही बच्चों के अंदर छिपी हुई अलग-अलग प्रतिभाओं को निखारने का कार्य विद्यालय कर रहा है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ क्रिकेट फुटबॉल, म्यूजिक, नृत्य, कराटे तीरंदाजी, शूटिंग सहित विविध विधाओं में यहां के बच्चे पारंगत हो रहे हैं। प्रत्येक वर्ष शैक्षणीक रिजल्ट में उत्कृष्टता को बरकरार रखने के साथ-साथ विभिन्न खेलों में भी सैकड़ों मेडल विद्यालय प्रतिवर्ष प्राप्त कर रहा है, जो विद्यालय के साथ-साथ पूरे जिले वासियों के लिए गौरव का विषय है। सर्वोच्चतम स्थान को बरकरार रखते हुए विद्यालय बेहतर समाज निर्माण की भूमिका को बखूबी निभा रहा है। उपरोक्त तथ्यों का प्रतिकार्थ यह है कि प्रत्येक नए सत्र में विद्यालय की सारी रिक्तियां आराम से भर जाती है। वर्तमान परिदृश्य में अभिभावको की पहली पसंद संत मरियम स्कूल है। मेधावी छात्रों का चयन करने के लिए विद्यालय प्रबंधन प्रतिवर्ष एडमिशन टेस्ट लेकर उनका नामांकन लेती है। उपरोक्त संदर्भों को ध्यान में रखते हुए उत्कृष्ट बच्चों का नामांकन लेने के लिए विद्यालय प्रबंधन ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। आगामी नए सत्र में एडमिशन से पहले बच्चो को उनके वर्ग के अनुसार प्रश्न पत्र के 5 सेट दिए जायेंगे। सभी सेटो को पढ़ने के पश्चात विद्यार्थियों के एडमिशन टेस्ट में उसी में से प्रश्न पूछे जाएंगे। तत्पश्चात सफल विद्यार्थी का नामांकन लिया जाएगा। इस पूरे प्रक्रिया के माध्यम से विद्यालय प्रबंधन आसानी से बेहतर बच्चो का चयन कर सकेगा।

एडमिशन के लिए आयोजित लिखित परीक्षा में 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाने वाले उत्कृष्ट बच्चों के मासिक शुल्क (ट्यूशन फीस) में 5-10 प्रतिशत तक एक सत्र के लिए छूट दी जाएगी। संत मरियम स्कूल अपने स्थापना काल से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बेहतर छात्रावास सुविधा के लिए भी जाना जाता रहा हैं। छात्रावास का पारिवारिक माहौल, भोजन का उत्तम प्रबंध सहित मिलने वाली सुविधाएं इसे सर्वोच्च सिद्ध करती है। पलामू गढ़वा, लातेहार सहित राज्य के कोने-कोने साथ ही दूसरे राज्य के विद्यार्थियों की पहली पसंद संत मरियम छात्रावास बनती जा रही है। आगामी सत्र में नए बच्चों के एडमिशन से संबंधित मुद्दे पर विद्यालय प्रबंधन अभिभावकों से अपील करता है कि एक बार विद्यालय के छात्रावास का अवलोकन करें तत्पश्चात अपने पाल्यो का नामांकन सुनिश्चित करें। मौके पर प्रिंसिपल आदर्श कुमार, रिजवाना प्रवीण, अमृत कौर सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे।


# दुर्व्यवहार के आरोप में प्राचार्य का किया घेराव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के द्वारा दिनांक 14 और 15 दिसंबर को आंतरिक परीक्षा निर्धारित की गई थी। परंतु आंतरिक परीक्षा के समय पर विभाग बंद था। जिसके कारण छात्र संशय की स्थिति में थे। इस विषय को लेकर गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय के छात्र विपिन यादव के द्वारा प्राचार्य से शिकायत की गई। इसके बाद अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह कॉलेज कैंपस में आते हीं छात्र विपिन यादव के साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी के साथ जान से मारने की नीयत से पत्थर लेकर प्रहार की स्थिति में आ गए। इसके बीच बचाव में हीं प्राचार्य के प्रयास से राघवेंद्र सिंह नियंत्रित हुए। इस विषय को लेकर विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं के द्वारा प्राचार्य कक्ष में जमकर बवाल काटा गया। परिषद के कार्यकताओं ने कहां कि मानसिक रूप से विक्षिप्त ऐसे विभागाध्यक्ष को अविलंब पद मूक्त किया जाए। ज्ञात हो कि पूर्व में भी इनके द्वारा उनके विभाग के ही साथी अध्यापक विमल सिंह के साथ झड़प में उनका सर फोड़ दिया गया था। उक्त अवसर पर उपस्थित जिला संयोजक सुमित पाठक ने कहा कि शिक्षकों के दुर्व्यवहार से महाविद्यालय की गरिमा दिन प्रतिदिन गिरती जा रही हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन अभिलंब संज्ञान में लेते हुए ऐसे शिक्षकों को पदमूक्त करें। उक्त अवसर पर विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सहसंयोजक विनीत पांडे,विभाग संयोजक गोविंद मेहता, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक कुमार चेरो, राहुल कुमार चेरो, अभय वर्मा, रोहित देव दुबें, कौशल मिश्रा, विकास यादव, शुभम राज, आनंदजय कुमार, विशाल कुमार, उत्कर्ष तिवारी, रोहित गुप्ता, सुजीत मुंडा, राहुल सिंह, उत्कर्ष तिवारी, सरितानंद आदि लोग उपस्थित थें।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सिर्फ लूट खसोट : प्रमुख



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को पीपरा ब्लॉक के भ्रष्ट अधिकारी लूट खसोट का धंधा बना रहे हैं।उक्त बातें पीपरा प्रखण्ड के प्रमुख विक्रान्त सिंह यादव उर्फ गुड्डू यादव ने पीपरा प्रखण्ड के विशुनपुर में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में पहुंच कर कही। उन्होंने कहा कि सरकार के महत्वपूर्ण अभियान को अधिकारियों द्वारा विफल किया जा रहा है।सरकार योजना चला रही है ताकि गरीबों तक पहुंचे।यहां के पदाधिकारी कर्मचारी सही तरीके से गरीबों लाभ नहीं दे रहे हैं।जितने भी कार्यक्रम हुए हैं, सभी विफल रहा है। सिर्फ जनता को लुभाने और वर्गलाने का काम किया जा रहा है।अबुआ आवास के नाम पर ठगने का काम किया जा रहा है।यहां तक की अधिकारी जनप्रतिनिधियों को भी मान सम्मान नहीं दे रहे हैं। वहीं उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने हक अधिकार के लिए भ्रष्ट अधिकारियों से लड़ने के लिए तैयार रहें।

# चियांकी में चलाया गया चेकिंग अभियान

- 28 वाहनों के विरुद्ध 1 लाख 33 हजार 50 रुपये वसूला गया जुमार्ना

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से डीसी शशि रंजन के निर्देश पर शनिवार को जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन के नेतृत्व में सदर प्रखंड के चियांकी में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से ओवर स्पीडिंग,शराब पीकर गाड़ी चलाने व हेलमेट नहीं पहनने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 75 वाहनों का जांच किया गया वहीं 28 वाहनों के विरुद्ध 1 लाख 33 हजार 50 रुपये की वसूली की गयी। इस संबंध में डीटीओ अनवर हुसैन ने बताया कि यह वाहन जांच अभियान लगातार चलाया जाएगा।

**ओवरस्पीडिंग व ड्रंक एन ड्राइव के विरुद्ध होगी कार्रवाई,हेलमेट लगाकर ही घर से निकले: डीसी**

: वाहन चेकिंग अभियान के संबंध में जिले के डीसी शशि रंजन ने कहा कि ऐसे अभियान का एकमात्र उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। उन्होंने कहा कि इन दिनों ज्यादातर सड़क दुर्घटना ओवर स्पीडिंग या शराब पीकर गाड़ी चलाने के वजह से हो रही है ऐसे में ड्रंक एंड ड्राइव पर रोकथाम लगाने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार चलाया जायेगा। उन्होंने सभी वाहन चालकों सेहेलमेट पहनने व सीट बेल्ट लगाने की अपील की साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस,पीयूसी,व बीमा के कागजात साथ लेकर चलने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने से आप खुद को एवं दूसरे को सुरक्षित रख सकते हैं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### कर्नल कप के आखिरी चरण का लीग मैच आज से, क्वार्टर फाइनल 20 से

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद क्षेत्र के फुटबॉल प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है कि रविवार से कर्नल कप का लीग स्टेज के आखिरी चरण का मैच शुरू होगा। पिछले दिनों बारिश के कारण अनुमंडल के कपूरी मैदान में कई जगह पानी भर गया था और मैदान काफी गीली हो गयी थी, जिसके चलते कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के बाकी मैच को स्थगित कर दिया गया था। लेकिन कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के सदस्यों ने कड़ी मस्कत से मैदान को पुनः तैयार कर लिया है।आज से मैच शुरू होगा तथा क्वार्टर फाइनल मुकाबले 20 दिसंबर से खेले जाएंगे। उक्त बातों की जानकारी क्लब के मीडिया प्रभारी सुभाष कुमार ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि एक महीने तक चलने वाले इस टूनार्मेंट का समापन 23 दिसंबर को हो जाना था लेकिन मैदान गीला होने के वजह से करीब दो सप्ताह तक मैच बाधित रहा। अतः अब टूनार्मेंट के तिथियों में विस्तार किया जा सकता है। उन्होंने फुटबॉल प्रेमियों से रविवार को भारी संख्या में अनुमंडल मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करने का अनुरोध किया है।

### अंधारीबाग गांव में लगा वयोवृद्ध का शिविर




शिविर का जानकारी देते डॉ अरविन्द व उपस्थित अन्य।

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा प्रखण्ड क्षेत्र के अंधारीबाग गांव में शनिवार को आयुष चिकित्सक डॉ अरविन्द कुमार के नेतृत्व में बायोवृद्ध शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख विक्रान्त सिंह यादव उर्फ गुड्डू यादव ने फीता काटकर किया।कार्यक्रम में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को स्वास्थ्य जांच कर दावा दी गई।मौके पर प्रमुख विक्रान्त सिंह यादव उर्फ गुड्डू यादव ने अपील करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर में भाग लेकर इसका लाभ लेना चाहिए। वहीं डॉ अरविन्द कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा आयुष विभाग झारखण्ड सरकार के निर्देश पर बायोवृद्ध शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें क्षेत्र के 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को दावा दी जा रही है।उन्होंने बताया कि यह शिविर प्रत्येक महीने के तीसरे शनिवार को आयोजन किया जाएगा।इस मौके पर सहिया बशन्ती देवी,एएनएम सिवानी कुमारी, जीएनएम मंजू देवी,सुरेश प्रसाद गुप्ता, बम्बई मिस्त्री, नानकुंवर यादव,मुंशी भुइंया, बब्लू सिंह,विशुन पासवान आदि उपस्थित थे।

### नौडीहा पंचायत में लगा सरकार आपके द्वार शिविर




**नौडीहा (आजाद सिपाही)।** लगभग 12 वर्षों से यात्री सेड में रहकर गुजर बसर करने वाले दिव्यांग बैजनाथ साव को अब मिलेगा अबुआ आवास योजना की लाभ। मुखिया मनदीप मेहता ने बताया कि बैजनाथ साव पिछले 12 सालों से वर्षों से धनगांव यात्री सेड में रहकर अपना गुर्जर बसर कर रहे हैं। इनकी पत्नी का भी मृत्यु हो गई है। बैजनाथ अपने तीन बेटियों के साथ यात्री सेड में गुजर बसर कर रहे और ऐ दोनों पैरों से दिव्यांग है इन्हें प्राथमिकता के आधार पर अबुआ आवास का लाभ दिया जाएगा उन्हें प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश पर ऑन स्पॉट फार्म का रजिस्ट्रेशन किया गया है ।तथा भरोसा दिया गया है की प्राथमिकता का आधार पर उन्हें अबुआ आवास योजना का लाभ मिलेगा।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के नौडीहा पंचायत में शनिवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ सुकेशनी केरकेट्टा, बीस सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, मुखिया मंदीप मेहता ने संयुक्त रूप से शाहिद नीलांबर पीतांबर के प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में काफी संख्या में लोग अपना काम कराने पहुंचे थे। इसमें सबसे अधिक अबुआ आवास के लिए लोगों की काफी भीड़ उमड़ी। शिविर में सबसे अधिक अबुआ आवास के लिए 629 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जन वितरण लाभुकों के बीच 25 धोती साड़ी का वितरण किया गया। वहीं 130 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। 10 छात्र-छात्राओं को साइकिल के लिए चेक दिया गया। जबकि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 28 छात्रों का निबंध किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी विनय कुमार शर्मा ने किया। मौके पर एमो आलोक तिवारी, सीआई महेंद्र राम, बीपीओ रविकांत सिंह, बीआरपी रानबहादुर कुमार, अंचल कुमार, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका अर्चना दुबे, कनिय अभियंता राकेश रंजन, सिद्धनाथ कुमार, बीडव्लूओ राजेश पाठक समेत विभिन्न विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### विशुनपुर में लगा सरकार आपके द्वार



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा प्रखण्ड क्षेत्र के अत्यंत सुदूरवर्ती क्षेत्र विशुनपुर उत्तक्रमित प्राथमिक विद्यालय में परिसर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जो कभी नक्सलियों का संदिगध इलाका हुआ करता था। यह गांव तीन ओर से पहाड़ियों के बीच में बसा हुआ है।जहां शनिवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अभियान के तहत 15 विभागों के द्वारा शिविर लगाकर पदाधिकारी और अधिकारी ग्रामीणों की समस्या से संबंधित निदान करने पहुंचे थे।शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा,राजस्व, महिला एवं बाल विकास परियोजना, जेएसएलपीएस, कृषि, पशुपालन, खाद्य आपूर्ति, मनरेगा, श्रम आदि विभागों ने स्टॉल लगाए थे। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, जेएसएलपीएस सहित कई विभागों ने सरकार द्वारा प्रदत्त परिसंपत्ति का वितरण किया गया।कार्यक्रम में पीपरा पंचायत के मुखिया रेनू देवी, प्रखण्ड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी सर्जुन राम, बीपीओ प्रभात कुमार, पंस मुख्तार आलम,डॉ तौहीद अहम्मद,सुमन कुमार, रामजी पासवान सहित विभाग अधिकारी व सैकड़ो ग्रामीण शामिल थे।

## धनबाद जिला युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी सह समीक्षा बैठक संपन्न

# कांग्रेस के नेता देश के लिए अपने जीवन का बलिदान देनेवालों में शामिल हैं: ओझा

**कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक लड़ेगी और उन करोड़ों युवाओं को न्याय दिलाने का काम करेगी।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** शनिवार को धनबाद परिषदन में राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी शेष नारायण ओझा और झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज की उपस्थिति में धनबाद जिला युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी सह समीक्षा बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता धनबाद जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार गौरव ने किया। बैठक में धनबाद जिला युवा कांग्रेस का संगठन विस्तार किया गया। बैठक के दौरान प्रखंड अध्यक्षों का चयन किया गया। झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी शेष नारायण ओझा ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दिया।



साथ ही धनबाद जिला के सभी विधानसभा कमेटी नगर/प्रखंड कमेटी तथा प्रत्येक बूथ 10 यूथ के लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी के हित में युवाओं तथा जनहित के मुद्दों पर मजबूती से कार्य करना धनबाद जिला युवा कांग्रेस की प्राथमिकता एवं दायित्व है। जिस पर धनबाद जिला युवा कांग्रेस खरा उतरेगी। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा लगातार हमारे नेता राहुल गांधी को सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर परेशान कर रहें हैं। पर शायद भाजपा भूल गयी है की ये देश के लिए अपने जीवन का बलिदान देने वाले का लहू है डरेगा नहीं। आज जिस तरह से राहुल गांधी भाजपा की दमनकारी नीतियों का विरोध कर रहे हैं। लोगों तक अपनी बात पहुंचा रहे हैं उससे भाजपा डरी हुई है। जैसा कि आप देख रहें हैं की पूरे देश के नवजवानों के बेरोजगारी का मजाक उड़ाते हुए उन्हें धोखा दिया हैं सेना में अग्निपथ के माध्यम से बहाली करने का जो काम किया जा रहा है जिस कारण आज युवा अपनी सपनों की लड़ाई सड़कों पर लड़ने को मजबूर है। उस लड़ाई को कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक लड़ेगी और उन करोड़ों युवाओं को न्याय दिलाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा प्रभारी अध्यक्ष द्वारा प्रखंड अध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर प्रखंड कमेटी को एक सप्ताह के अंदर विस्तार करना है। झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि आज जिस तरह से धनबाद जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष के नेतृत्व में जिला में प्रखंड से आए हमारे साथियों से मिल कर काफी उत्साह महसूस हो रहा है। उन्होंने सभी पदाधाकारियों को बधाई दिया और युवा कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत करने, महिलाओं को युवा कांग्रेस से जोड़ने महिलाओं और युवाओं के समस्याओं के लिए मजबूती से उनके हक की लड़ाई लड़ने की जरूरत है। इस मौके पर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कुमार गौरव, सोशल मीडिया कोर्डिनर्टर सन्नी सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक सौरव, शशिकांत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनुज चौहान, तबरेज खान, जिला महासचिव विक्की , सोनू यादव, गुलाम मुतका, राजा खान, खुर्शीद अंसारी, मजहर आलम, विधानसभा को ऑर्डिनेटर विक्की कुमार अरुण दास, विधानसभा अध्यक्ष टिंकू अंसारी, विशाल महतो, रवि सिंह, कैलाश दास, रवि सिंह, सूरज पासवान, मंजूर आलम, शमशेर अंसारी, मदन गोप, गोपाल बावरी, आयुष वेद, विकास सिंह, शमशेर अंसारी, योगेंद्र महतो, विकास बरनवाल, अजहरुद्दीन सद्दाम, मानिक बावरी, युसूफ अंसारी, गोलू पासवान, मंजूर खान, सरफराज, मानिक कालिंदी, विद्युत मुखर्जी आदि सहित युवा कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विधायक बिरंची नारायण की पहल रंग लायी

# बोकारो वासियों का मेडिकल कॉलेज का सपना होगा पूरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिलने पर बोकारो जिला भाजपा के मीडिया प्रभारी महेन्द्र राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर केंद्रीय इस्पात मंत्री, बोकारो विधायक बिरंची नारायण का आभार जताया। केंद्र सरकार की सहयोग से पूर्व इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के सहयोग से आज बोकारो विधानसभा क्षेत्र में सेल द्वारा निशुल्क जमीन उपलब्ध कराकर बोकारो मे सरकारी मेडिकल कालेज निर्माण होने जा रहा। विगत कुछ वर्ष पूर्व पूर्व केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के बोकारो दौरे पर बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने सरकारी मेडिकल कालेज के लिए निशुल्क जमीन देने का आग्रह किया था तब केंद्रीय इस्पात मंत्री ने बीएसएल प्रबंधन को इस विषय को गंभीरता लेते हुए जमीन आवंटन करने की प्रक्रिया को जल्द से जल्द शुरू करने की आदेश दी थी। बोकारो में मेडिकल कॉलेज बने यह सपना बोकारो वासियों का था उसे बोकारो विधायक बिरंची नारायण के निरन्तर प्रयास से पूरा होने जा रहा है। वर्तमान में झारखंड सरकार ने आज कैबिनेट से इसे पारित किया ज्ञात हो कि बोकारो विधायक बिरंची नारायण 2014 में विधायक निर्वाचित होने के बात बोकारो वासियो के सपना साकार करने के लिए राज्य सरकार, बोकारो इस्पात संयंत्र व जिला प्रशासन से लगातार प्रयास करते है जिसके परिणाम स्वरूप वर्ष 2019 में बोकारो इस्पात संयंत्र ने मेडिकल कॉलेज के लिए सेक्टर 12 आर वी एस कॉलेज के पास निःशुल्क 25 एकड़ भूमि जिला प्रशासन को दिया पूर्व व वर्तमान सरकार बोकारो विधायक के मांग पर अपने बजट में बोकारो मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की आज झारखंड कैबिनेट द्वारा 668 करोड़ की लागत से 500 बेड मेडिकल कॉलेज बनाने पर सहमति दी इसके लिए झारखंड विधानसभा में विरोधीदल के मुख्य सचेतक सह बोकारो विधायक बिरंची नारायण को धन्यवाद व आभार बोकरोवासियो का सपना साकार हो रहा हैं।



बोकारो विधायक के प्रयास से 2014 से अबतक सिटी कम्युनिटी हॉल, बोकारो एयरपोर्ट, क्रिकेट स्टेडियम के लिए सेल से जमीन आवंटन, सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, फोर लेन सड़क निर्माण के साथ दर्जनों पुल का निर्माण, गांव को शहर से जोड़ने की लिए ग्रामीण सड़को का निर्माण के साथ मरम्मती, स्कूली शिक्षा के लिए कई विद्यालय का अपग्रेड कराना। इन सभी सुविधाओं से बोकारो विधानसभा झारखंड राज्य में महत्वपूर्ण स्थान पर। बोकारो विधायक का सपना है रांची की हर सुविधा बोकारो मैं हो ताकि यहां की जनता को कही न जाना पड़े। सही सोच नेक इरादे के साथ क्षेत्र का विकास किया जा रहा। बधाई देने वालो में शशिभूषण ओझा, रोहितलाल सिंह, आरती राणा, संजय त्यागी, दिलीप, कमलेश राय, अशोक कुमार पप्पू, माथुर मंडल, महेन्द्रराय, धीरज झा, सुनील गोस्वामी, श्याम मंडल, सुजीत चक्रवर्ती, मुकेश राय, पन्नालाल कान्दू, विनय किशोर, टिंकू तापड़िया, बैधनाथ प्रसाद, अनिल सिंह, हरीश सिंह, सनातन सिंह, पीयूष आचार्या, ब्रज दुबे, जितेंद्र गोस्वामी, मन्तोष ठाकुर, सतेन्द्र कुमार, गोलू उपाध्याय, डाक्टर अशोक, प्रकाश प्रामाणिक, रंजीत वर्णवाल, मोहन गोराई, सुनीता प्रसाद, उषा मिश्रा, नीतू सिंह, झंतु दे, राजेश घोसाल, ऋषव राय, सुनील मोहन ठाकुर, राजू गुप्ता, पिंटू पाल, स्वदेश ख्वास, हरिपद गोप, आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सूड़ी समाज ने झारखंड आंदोलनकारी मदन मंडल की 16वीं पुण्यतिथि मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड अलग राज्य आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले और महाजनी प्रथा के खिलाफ आंदोलन करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले स्व मदन मंडल की 16वीं पुण्यतिथि शनिवार को राष्ट्रीय सूड़ी समाज के पदाधिकारियों द्वारा धैया स्थित एक निजी होटल में मनायी गयी। इस दौरान उपस्थित जनों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि स्व मंडल महाजनी प्रथा के खिलाफ और झारखंड राज्य आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई थी और गुरुजी शिबू सोरेन, कामरेड एके राय, स्व विनोद बिहारी महतो के सानिध्य में आंदोलन को धार देने का काम किया था। समाज के लोगों ने बताया कि वह सिंदरी के फर्टिलाइजर में काम करते थे।



लेकिन उन्होंने महाजनी प्रथा को समाप्त करने के लिए अपने काम को छोड़कर महाजनी प्रथा को मिटाने पर लग गये।

इसी दौरान उन्होंने लाल पार्टी और जेएमएम में भी सक्रिय भूमिका निभाई। इसके बाद वे दहेज उन्मूलन समिति के संस्थापक सदस्य भी रहे हैं। मौके पर समाज के राष्ट्रीय संयोजक रणबीर भारतीय, छोटानागपुर प्रमंडल प्रभारी रामू मंडल, जिला अध्यक्ष परितोष मंडल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश मंडल, जिला उपाध्यक्ष महुआ मंडल, जिला उपाध्यक्ष विश्वनाथ मंडल, जिला महामंत्री प्रकाश मंडल, जिला महामंत्री हिमांशु मंडल, जिला सहकोषाध्यक्ष पंकज मंडल, जिला मंत्री अजय मंडल, जिला कार्य समिति सदस्य नाविक मंडल, अमिताभ मंडल, विमल मंडल, समाजसेवी डोर मंडल, जितेन मंडल, सिद्धार्थ मंडल, शुभंकर मंडल, सौलेन मंडल एवं समाज प्रेमीगण मौजूद थे।

# प्रेमी से मिलने आयी प्रेमिका

## पुलिस ने समझा बुझाकर परिजनों को सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** इंस्टाग्राम के जरिए प्यार का एक मामला सामने आया है। शुक्रवार की देर रात में यह मामला लोयाबाद थाना पहुंचा। पुलिस ने युवती को समझा बुझा कर उसके परिजनों को सौप दिया। इंस्टाग्राम पर नाबालिग लड़का-लड़की पहले मित्र बने। यह मित्रता धीरे-धीरे प्रेम में बदल गया। दोनो के बीच चैटिंग शुरू हो गयी। इसके बाद दोनों एक दूसरे के साथ जीने मरने की कसमें खाने लगे। लड़की गोमिया की रहने वाली है जबकि लड़का लोयाबाद का रहने वाला है। दोनों के बीच चल रहे प्रेम प्रसंग की जानकारी प्रेमिका के घर वालों को हुई। घर वालों ने उसे बहुत समझाया बुझाया। लेकिन वह अपने प्रेमी के प्रेम में इस तरह अंधी थी कि वह घर वालों की बात सुनने को भी तैयार नहीं थी। गुस्से में पिता ने उसकी पिटाई कर दी तो वह घर छोड़कर प्रेमी के पास आने के लिए घर से निकल पड़ी। वह राजगंज पहुंच कर अपने प्रेमी को फोन की। आशिक ने यह सोचा कि कहीं कोई बात न हो जाए और मामला थाना तक जा पहुंचे। इस बात से भयभीत हो कर वह एक महिला नेत्री को युवती को लाने के लिए राजगंज भेज दिया। महिला नेत्री ने उसे सीधा थाने ले आई और पुलिस के हवाले कर दी और उसके माता पिता को भी इसकी सूचना दे दी। युवती के मामा और जीजा थाने पहुंचा। पुलिस ने युवती को काफी समझाया बुझाया। इसके बाद बांड भरा कर युवती को उसके परिजनों के हवाले कर दिया। युवती इससे पहले भी अपने इस नाबालिग आशिक के साथ भाग चुकी।

थाना प्रभारी राजन कुमार राम ने बताया युवती को समझा बुझा कर उसके परिजनों को बांड भरवा कर सौंप दिया गया।

## समर्सिबल पंप में खराबी के कारण ठप हुई पिट वाटर की आपूर्ति



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद रिजनल स्टोर के पास लगा समर्सिबल पंप में खराबी आ जाने व केबल जल जाने के कारण लोयाबाद व आसपास के क्षेत्रों में पिट वाटर की आपूर्ति एक सप्ताह से ठप है। पानी की आपूर्ति नहीं होने से करीब पांच हजार आबादी के समक्ष जल संकट गहरा गया है। लोयाबाद पांच नंबर, दुगार्मंदिर, लोयाबाद छः नंबर, कनकनी, लोयाबाद बीस नंबर सहित अन्य श्रमिक कालोनियों में पिट वाटर आपूर्ति नहीं होने से लोग काफी परेशान हैं। लोगों को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। कोलियरी अधिकारियों ने बताया कि पंप में खराबी आ गयी थी। पंप की मरम्मत के लिए भेजा गया है। बोरोहाल का नीचे का समर्सिबल पंप में खराबी आ गयी है तथा केबल भी जल गया है। डेढ साल के बाद यह खराब हुआ है। मरम्मत के लिए भेजा गया है। चार पांच दिनों में बन कर आ जाने की उम्मीद है।

**समाहरणालय, कोडरमा**
(जिला खेल कार्यालय)
E-mail:-sportskoderma17@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची का पत्रांक 1122 दिनांक 09.12.2023 के आलोक में JOHAR KHILADI पोर्टल पर खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन किया जाना है। खिलाड़ियों स्वयं अथवा जिला खेल पदाधिकारी कार्यालय, कोडरमा के माध्यम से JOHAR KHILADI पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

**नोटः– इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला खेल कार्यालय, कोडरमा से प्राप्त किया जा सकता है।**

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 313606 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (23-24)_D

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



नाम–देव कुमार उर्फ छोटू मालाकार, उम्र–26 वर्ष,
रंग–साँवला,ऊँचाई–5 फीट, 10 ईंच,
पहनावा–काला रंग का कमीज और नीला रंग का जिन्स पहने हुए है।

उपरोक्त लापता पुरूष देव कुमार उर्फ छोटू मालाकार उम्र–26 वर्ष, पि0–गोपाल मालाकर, सा0–काली मंदिर माली टोला डोरण्डा, थाना–डोरण्डा, जिला–राँची जो दिनांक–10.03.2023 को अपने घर से बाजार जाने को कहकर निकले जो आजतक अपने घर वापस नही आए है। जिसके संबंध में डोरण्डा थाना सनहा सं0–16/23, दिनांक–26.11.2023 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूष कहीं मिलतें/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, हटिया, राँची। –9413706143
थाना प्रभारी, डोरण्डा, राँची। –9431706168

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR 313639 (Police) 23-24 (D)

## आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**झरिया (आजाद सिपाही)।** शनिवार को झरिया के बीआरसी भवन में वार्ड 36 व 44, और वार्ड 45 के झरिया एकेडमी स्कूल में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत शिविर का शुभ उद्घाटन झरिया विधायक के प्रतिनिधि केडी पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में जाति, आय, जन्म, लगान राशिद, विकलांग प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, राजस्व कार्य, 15वें वित्त से योजना चयन हेतु आवेदन, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन सहित स्वास्थ्य जांच शिविर से संबंधित आवेदक/लाभुक शामिल हुए। शिविर के दौरान वार्ड 36 में 506, वार्ड 44 में 1069 तथा वार्ड 45 में 1175 आवेदकों ने समस्याओं से सम्बंधित आवेदन समर्पित किया। शिविर में छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिल योजना के तहत चेक भी प्रदान किया गया। साथ ही 247 लोगों को कंबल वितरण किया गया। आवेदकों ने राशन कार्ड में सुधार, आधार कार्ड में सुधार, बिजली बिल में सुधार हेतु आवेदन कैंप में समर्पित किया। आज के कार्यक्रम में सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, सिटी मैनेजर प्रेम प्रकाश, हलीम अंसारी, पवन खरकिया, रवि रवानी, कौशल सिंह, महेश शर्मा समेत शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# आश्वासन के बाद सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सहायक श्रम आयुक्त के हस्तक्षेप पर एसएनएमसीएच धनबाद में सफाई कर्मियों का चल रहा हड़ताल शनिवार को 3 दिन बाद समाप्त हो गया। हड़ताल के कारण धनबाद जिला के सबसे बड़े अस्पताल की स्थिति नरकीय बन गई थी। अस्पताल में सफाई कार्य में लगे लगभग 120 अस्थायी सफाई कर्मियों का आरोप था कि वेतन से भविष्य निधि, स्वास्थ्य बीमा के लिए रकम तो नियमित रूप से काटी जाती थी लेकिन वो जमा होता था या नहीं इसकी कोई हिसाब किताब कर्मियों को नहीं बताया जाता था। वेतन जैसे-तैसे अनियमित ढंग से तथा और असमय दी जाती थी। वह भी



न्यूनतम से भी कम। जिसकी शिकायत सफाई कर्मी नियमित रूप से अस्पताल प्रबंधन से करते थे लेकिन उसे पर प्रबंधन मौन थी। ऐसे में सफाई कर्मियों का आक्रोश बढ़ता गया और वे हड़ताल पर जाने को मजबूर हो गए। तीन दिन से यह हड़ताल चल रहा थी। अंततः शनिवार को सहायक श्रम आयुक्त रंजीत कुमार, अस्पताल अधीक्षक अनिल कुमार तथा सफाई कर्मियों के प्रतिनिधि हाडी समाज के जिला प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी के बीच वार्ता हुई। घंटों वार्ता चलने के बाद इस बात पर सहमति बनी कि सफाई एजेंसी कमांडो सफाई कर्मियों का सारा विवरण सोमवार को श्रम विभाग में जमा करेंगे। उसके बाद फिर से शिकायत का मौका नहीं आने दिया जायेगा। जिसके बाद हड़ताल समाप्त हो गया और सभी कर्मी अपने अपने कार्य मे जुट गए। जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन और मरीजों ने राहत की सांस ली।

## 22 दिसंबर को हीरापुर श्याम मंदिर से निकलेगी भव्य निशान यात्रा

# 1111 निशानों के साथ झरिया पहुंचेंगे भक्त, पैदल होगी यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर श्री श्याम ध्वजा पद यात्रा समिति हीरापुर के तत्वाधान में आगामी 22 दिसंबर को भव्य निशान यात्रा और भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। 22 दिसंबर को हीरापुर श्याम मंदिर से सुबह 06 बजे 1111 (इग्यारह सौ इग्यारह) निशानों के साथ हीरापुर स्थित श्याम मंदिर से पैदल यात्रा शुरू होकर झरिया खाटू धाम पहुंच निशान श्रीश्याम प्रभु के चरणों मे



अर्पित किया जायेगा। उक्त निशान शोभा यात्रा में लगभग 2000 श्याम प्रेमियों के शामिल होने की संभावना है, शोभा यात्रा के आगे आगे 21 स्कूटी में नारी शक्ति भगवा साफा, पट्टी या झंडा लेकर चलेंगी। साथ ही इसी दिन हीरापुर पार्क मार्केट स्थित पार्क प्रांगण में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। इस बाबत शानिवार को हीरापुर अग्रसेन भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के आयोजन कर इसकी जानकारी दी गयी। जानकारी देते हुए अध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल ने बताया कि उक्त भजन संध्या कार्यक्रम में देश के सुप्रसिद्ध भजन गायिका बरेली निवासी अंजलि द्विवेदी,अमृतसर पंजाब से तेजी ब्रदर्स एवं धनबाद के स्थानीय भजन गायक विवेक अग्रवाल अपने अपने भजनों से श्याम प्रेमियों को भाव भिभोर करेंगे। श्री श्याम ध्वजा पद यात्रा समिति द्वारा कार्यक्रम की सफलता एवं भव्यता हेतु पूरे जोर शोर से तैयारी की जा रही है। श्याम प्रेमियों के सुविधा हेतु भजन स्थल पर डॉम पंडाल, बुजर्गों के लिए सोफा और कुर्सियों, पेयजल, अस्थायी प्रसाधन, आकस्मिक चिकित्सा केंद्र की व्यवस्था की जा रही है। प्रेस वार्ता में कृष्णा अग्रवाल, रमेश रिटोलिया, सूरजभान अग्रवाल, बासुदेव कारिवाल, ऋषिपाल अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, संजय गोयल, संदीप कटेसरिया ढिल्लू, विनय अग्रवाल सहित कई श्याम भक्त मौजूद थे।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा**

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक 4309 दिनांक 06.11.2023 के आलोक में पश्चिमी सिंहभूम जिले के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में घर–घर सर्वेक्षण हेतु शिशु पंजी का मुद्रण एवं आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित आपूर्तिकर्त्ताओं से सीलबन्द लिफाफे में अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। शिशु पंजी मुद्रण से संबंधित विस्तृत विवरणी निम्नवत् है–

शिशु पंजी मुद्रण संबंधित विवरण (Annexure “A”)

| Sl. No. | Description | Specification | Quantity |
|---|---|---|---|
| 1 | Printing & Supply of Sishu Panji Format | Paper size :- A3, Approx,-60 GSM White Printing Paper, Both side printing. | 310000 Pages |
| 2 | Printing & Supply of Compilation Format | Paper size :- A4, Approx,-60 GSM White Printing Paper, Both side printing. | 3000 Pages |
| 3 | Printing & Supply of Annexure Format | Paper size :- A4, Approx,-60 GSM White Printing Paper, Both side printing. | 5000 Pages |
| 4 | Printing & Supply of Zero Dropout Format | Paper size :- A4, Approx,-60 GSM White Printing Paper, Both side printing. | 3000 Pages |
| 5 | Printing & Supply of Compilation Format | Paper size :- A4, Approx,-60 GSM White Printing Paper, Both side printing. | 3000 Pages |

निविदा से सम्बन्धित अभिलेख दिनांक 18.12.2023 से (कार्यालय अवधि में) झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, नया समाहरणालय भवन, तृतीय तल, चाईबासा पश्चिमी सिंहभूम से प्राप्त किया जा सकेगा। निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि/समय दिनांक 26.12.2023 के अपराह्न 05:00 बजे निर्धारित की जाती है। इच्छुक मुद्रक/आपूर्तिकर्त्ता निविदा को भरने के उपरांत दिनांक 27.12.2023 के अपराह्न 01:00 बजे तक सील बंद लिफाफे में अलग–अलग (मुद्रित सामग्री) Technical एवं Financial बीड झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, नया समाहरणालय भवन, तृतीय तल, चाईबासा पश्चिमी सिंहभूम में जमा कर सकेंगे। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 27.12.2023 के अपराह्न 02:00 बजे जिला क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी जिला के अधिकारिक वेवसाईट www.chaibasa.nic.in पर भी उपलब्ध है। निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन अथवा रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी

PR 313651 (West Singhbhum) 23-24 (D)

# मोदी ने 1971 की जंग के शहीदों को याद किया

● विजय दिवस के अवसर पर कहा- जवानों के साहस को सलाम



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को विजय दिवस (16 दिसंबर) के मौके पर 1971 की भारत-पाक जंग में शहीद हुए जवानों को याद किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली के वॉर मेमोरियल पर शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर राजनाथ सिंह के साथ सीडीएस जनरल अनिल चौहान भी मौजूद थे। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा- आज विजय दिवस पर हम सभी बहादुर नायकों को श्रद्धांजलि देते हैं, जिन्होंने 1971 में जीत सुनिश्चित की और भारत की सेवा की। उनकी वीरता देश के लिए गर्व का सोर्स है। उन जवानों का बलिदान हमेशा लोगों के दिलों में और हमारे राष्ट्र के इतिहास में अंकित रहेगा। आज हमारा देश उन शहीदों के साहस को सलाम करता है। इसके अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर 1971 के जंग के नायकों को सलाम किया और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मेजर जनरल गौरव गौतम ने श्रद्धांजलि देने के बाद कहा- 1971 में जिन्होंने लड़ाई लड़ी उनके बलिदान की वजह से आज हमारा देश प्रगति के रास्ते पर है।

# भारत में घुसपैठ की फिराक में 250 आतंकी, सेना अलर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**पुलवामा।** बीएसएफ के महानिरीक्षक अशोक यादव ने दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि खुफिया सूचनाएं हैं कि 250-300 आतंकवादी लॉन्चपैड पर इंतजार कर रहे हैं, लेकिन हमने और सेना ने सभी संवेदनशील इलाकों पर कब्जा कर लिया है और सतर्क हैं।

उन्होंने कहा कि बीएसएफ और सेना के बहादुर जवान सीमावर्ती इलाकों में सतर्क हैं और घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम कर देंगे। यादव ने आगे कहा कि हम घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम करने को लेकर आश्वस्त हैं।

उन्होंने आगे कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा बलों और कश्मीर के लोगों के बीच जुड़ाव बढ़ा है। अगर लोग हमारा सहयोग करें तो हम विकासात्मक गतिविधियों को बेहतर तरीके से आगे बढ़ा सकते हैं।

# पूर्व तट रेलवे को मिले दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार

● पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा को रेल मंत्री से वाणिज्यिक और सुरक्षा विभागों में दो प्रतिष्ठित दक्षता शील्ड प्राप्त हुईं

● रॉदि मनोज बाबू, मंडल परिचालन प्रबंधक खुर्दा रोड रेलवे मंडल ने व्यक्तिगत रूप से प्रतिष्ठित रेलवे सेवा पुरस्कार प्राप्त किया




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** देशभर में 100 रेलवे कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए जोनल रेलवे, उत्पादन इकाइयों और पीएसयू के लिए 21 शील्ड से सम्मानित किया गया है। अन्य जोनल रेलवे के साथ पूर्व तट रेलवे को वाणिज्यिक और सुरक्षा क्षेत्रों में दो प्रतिष्ठित दक्षता शील्ड से सम्मानित किया गया है। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा और रेलवे के प्रधान वाणिज्यिक प्रबंधक वीआर लेनिन ने नयी दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 68वें राष्ट्रीय रेलवे पुरस्कार समारोह में वाणिज्य विभाग में कौशल शील्ड प्राप्त की, जबकि प्रधान सुरक्षा आयुक्त आलोक वोहरा ने सुरक्षा विभाग के लिए कौशल शील्ड के साथ रेलवे, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया। इसके अलावा पूर्व तट रेलवे को एक व्यक्तिगत पुरस्कार विशिष्ट रेलवे सेवा पुरस्कार भी दिया गया है। रॉदि मनोज बाबू डिवीजनल ऑपरेशन मैनेजर खोरधा रोड रेलवे डिवीजन ने रेल मंत्री से व्यक्तिगत रूप से अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार प्राप्त किया है।

रेलवे कर्मचारियों के बीच सर्वोत्तम अभ्यासों को बढ़ावा देने के लिए 15 दिसंबर, 2023 केंद्रीय रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को नया दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में उत्कृष्ट रेलवे सेवा पुरस्कार-2013 से सम्मानित किया। विशिष्ट क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए क्षेत्रीय रेलवे/सार्वजनिक उपक्रमों को कौशल शील्ड भी प्रदान कियो गयो हैं। रेल, कोयला और खान राज्य मंत्री श्री राव साहेब पाटिल दानवे और रेल और कपड़ा मंत्री दर्शन जरदोश के साथ रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बोर्ड के सदस्य, सभी क्षेत्रीय रेलवे के महाप्रबंधक और रेलवे उत्पादन इकाइयों और रेलवे सार्वजनिक उपक्रमों के प्रमुखों ने भी समारोह में भाग लिया। कुल मिलाकर, विभिन्न जोनल रेलवे, विनिर्माण इकाइयों और रेलवे पीएसयू के 100 रेलवे कर्मचारियों को विशिष्ट रेलवे सेवा पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि इस अवसर पर उत्कृष्ट सेवा के लिए 21 योग्यता शील्ड प्रदान की गयीं।

# वेदांता ने संबलपुरी थिएटर प्रदर्शन का किया समर्थन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने हाल ही में दुनिया के सबसे लंबे संबलपुरी थिएटर प्रोडक्शन के मंचन का समर्थन किया। इसकी अवधि 49 घंटे की प्रभावशाली थी। प्रसिद्ध मिरर थिएटर ग्रुप द्वारा ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले के बेलपहाड़ में प्रदर्शन किया गया। यह जमीनी स्तर पर पारंपरिक कला रूपों को पोषित करने, वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के बीच ओड़िशा की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को संरक्षित और बढ़ावा देने के कंपनी के प्रयासों का नवीनतम पुनरावृत्ति है। 'कैनजुरी' शीर्षक से, तीन दिवसीय नाट्य प्रदर्शन का आयोजन एसडीए द्वारा किया गया था। मिरर थिएटर एंड सोसाइटी डेवलपमेंट एसोसिएशन, झारसुगुड़ा जिले में स्थित एक पेशेवर थिएटर अनुसंधान और प्रचार संगठन है। वेदांत द्वारा समर्थित, नाटक न केवल लोक रंगमंच को पुनर्जीवित करने के लिए बल्कि ग्रामीण समुदायों को समकालीन, सामाजिक रूप से प्रासंगिक संदेश देने के लिए भी डिजाइन किये गये थे। इस कार्यक्रम में 100 संबलपुरी नाटकों का संग्रह प्रदर्शित किया गया, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा सहित विविध विषयों से संबंधित थे।

पूरे क्षेत्र के 200 से अधिक कुशल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत इस प्रस्तुति ने 4,000 दर्शकों को आकर्षित किया, जिससे थिएटर समूह को आइइए (इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवार्ड्स) बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में एक योग्य स्थान प्राप्त हुआ और खुद को एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक मील के पत्थर के रूप में स्थापित किया गया।

**उड़िया लोक रंगमंच का इतिहास** : वेदांत एल्युमीनियम के सीइओ (खान) वी श्रीकांत ने कहा कि सामुदायिक विकास के लिए वेदांता की अटूट प्रतिबद्धता में स्थानीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देना शामिल है, जो क्षेत्र के सांस्कृतिक ताने-बाने में गहराई से समाए हुए हैं। पारंपरिक कलाकारों को पहचानना और उनका समर्थन करना, हमारा उद्देश्य विभिन्न कला रूपों के लिए स्थायी सराहना पैदा करना है। इस पहल के माध्यम से, हम एक ऐसा मंच बनाने की आकांक्षा रखते हैं, जो ओडिशा की कलात्मक विरासत की विशिष्टता का जश्न मनाए, समुदाय के भीतर सांस्कृतिक गौरव को बढ़ावा दे।

# आइएसआइ लिंक में फर्जी डॉक्टर ईशान बुखारी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा से आइएसआइ से जुड़े एक व्यक्ति को एसटीएफ ने जाजपुर जिले के धर्मशाला के नेउलपुर से ईशान बुखारी के रूप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके पास से नकली डाक्टरी प्रमाण पत्रों सहित कई दस्तावेज भी जब्त किये गये। अपराध शाखा एसटीएफ मामले की आगे की जांच कर रही है।



रिपोर्टों के अनुसार ईशान बुखारी के खिलाफ जम्मू-कश्मीर में गैर-जमानती वारंट है। एनआइए लंबे समय से ईशान बुखारी की तलाश कर रही थी। आखिरकार ओडिशा अपराध शाखा के एसटीएफ से संपर्क किया गया। एसटीएफ की टीम ने आखिरकार ईशान बुखारी को नेउलपुर धर्मशाला जाजपुर से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से नकली मेडिकल सर्टिफिकेट सहित कई दस्तावेज जब्त किये गये। ईशान 2018 से ओड़िशा में रह रहा था।

सैयद के पास से कई फर्जी विदेशी दस्तावेज बरामद हुए हैं। कभी सैयद ने खुद को डॉक्टर तो कभी प्रधानमंत्री कार्यालय का अधिकारी बताया। हालांकि पता चला है कि सैयद की 6 से 7 पत्नियां हैं। उन्होंने कश्मीर, यूपी, महाराष्ट्र समेत ओड़िशा में भी शादी की है। यह भी कहा जाता है कि सैयद ने एक ओड़िया लड़की से शादी कर के ओड़िशा में छिपा हुआ था। यहां तक कि वह विभिन्न वेबसाइटों और ऐप्स पर भी लड़कियों को फसा रहा था। गिरफ्तारी के बाद ईशान बुखारी को अज्ञात जगह पर रख कर पूछताछ की जा रही है।

# पुरी में 7 बहुद्देशीय तूफान आश्रय स्थल

● ब्रह्मगिरि, कृष्णप्रसाद, कनास और पुरी सदर ब्लॉक में बनाया जायेगा तूफान आश्रय स्थल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शनिवार को पुरी जिले के 4 ब्लॉकों की 7 ग्राम पंचायतों में 7 बहुउद्देश्यीय तूफान आश्रय स्थल बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। गौरतलब है कि 5टी अध्यक्ष के जिला दौरे के दौरान पुरी जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में तूफान आश्रय स्थलों के निर्माण के प्रस्ताव आये थे। जनशुनानी प्रस्ताव के मद्देनजर, मुख्यमंत्री ने आज ब्रह्मगिरी ब्लॉक के चापमाणिक, रेबणा-नुआगांव, बड दिएंडी ग्राम पंचायत, कृष्णप्रसाद ब्लॉक के नुआपड़ा और बडनला ग्राम पंचायत, कनास ब्लॉक के बीजीपुर ग्राम पंचायत और पुरी सदर ब्लॉक का राईगोरड़ा में बहुउद्देशीय तूफान आश्रयों के निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। प्रत्येक तूफान आश्रय स्थल के निर्माण पर 2 करोड़ के हिसाब से कुल 14 करोड़ खर्च होंगे। इन प्रस्तावित तूफान आश्रय स्थलों के निर्माण की जिम्मेदारी ग्रामीण विकास विभाग को सौंपी गयी है। इन तूफान आश्रयों के निर्माण से ब्रह्मगिरि ब्लॉक के बुद्धिसाही, रेबना-नुआगांव और बड डियांडी, कृष्णप्रसाद ब्लॉक के जन्हिकुदा, खोलामुहान और बालिनासी, कनास ब्लॉक के नंदीगोड़ा और पुरी सदर ब्लॉक के राईगोरड़ा और नुआपड़ा के ग्रामीणों को लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को उपरोक्त सात ग्राम पंचायतों सहित जिले के अन्य स्थानों पर तूफान आश्रय स्थलों के निर्माण के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान करने का निर्देश दिया है।

# नालको सीपीपी प्लांट को किया गया सम्मानित



● सर्वश्रेष्ठ विद्युत संरक्षण के लिए ओडिशा सरकार ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत सरकार की नवरत्न कंपनी नालको के अंगुल स्थित अपने थर्मल पावर प्लांट (सीपीपी) को बिजली के सर्वोत्तम उपयोग और संरक्षण के लिए सीपीपी श्रेणी में ओड़िशा सरकार के ऊर्जा विभाग द्वारा सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। ऊर्जा, उद्योग और एमएसएमई मंत्री प्रताप केशरी देव ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर लोकसेवक भवन भुवनेश्वर में आयोजित एक समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया। सुरेश चंद्र मिश्र, अनुज कुमार पंडा और सुदर्शन प्रधान ने नालको की ओर से पुरस्कार स्वीकार किया।

नालको सीपीपी अंगुल संयंत्र में बिजली के कुशल उपयोग और विभिन्न नवीन तरीकों को अपनाकर कोयला, ईंधन तेल की कटौती के लिए पुरस्कार दिया गया। यह पुरस्कार ओड़िशा राज्य विद्युत विभाग और भारत सरकार के संयुक्त उद्यम में दिया जा रहा है

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र में हिंदी दिवस पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पुणे/भुवनेश्वर।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश के सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक है। बैंक द्वारा पुणे में 7 दिसंबर को हिंदी दिवस पुरस्कार वितरण समारोह उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक ऑफ महाराष्ट्र केप्रबंध निदेशक एवं सीइओ एएस राजीव ने की। प्रख्यात फिल्मव टीवी अभिनेत्री आर्या शर्मा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। आशीष पांडेय, कार्यपालक निदेशक, रोहित ऋषि, कार्यपालक निदेशक, अमित श्रीवास्तव, मुख्य सतर्कता अधिकारी, के राजेश कुमार, महाप्रबंधक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

महाप्रबंधक के राजेश कुमार ने सभी उपस्थित व्यक्तियों का स्वागत किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रबंध निदेशक एवं सीइओ एएस राजीव ने कहा कि अपनेपन के साथ उत्तम ग्राहक सेवा प्रदान करने में हिंदी और क्षेत्रीय भाषाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। आर्या शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि हिंदी के प्रचार-प्रसार में हिंदी सिनेमा और टेलीविजन का बहुत बड़ा योगदान है। कार्यपालक निदेशक आशीष पांडेय ने इस अवसर पर अपने प्रेरक उद्‌बोधन में कहा किहिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं का प्रयोग हमारे व्यवसाय वृद्धि के लिए भी सहायक है। इस अवसर पर आशीष पांडेय ने बैंक की एक तकनीकी पहल कार्यपालक निदेशक रोहित ऋषि ने कहा कि व्यवसाय की वृद्धि के लिए हमें अपनी भाषाओं को आधार बनाकर कार्य करना चाहिए। मुख्य सतर्कता अधिकारी अमित श्रीवास्तव ने हिन्दी को देश की संपर्क भाषा बताया। राहुल वाघमारे, उप महाप्रबंधक व अंचल प्रबंधक, पुणे पश्चिम अंचल ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का सूत्र संचालन डॉ राजेंद्र श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) ने किया।

आरोग्यं आयुर्वेद
वैद्य वी के पांडेय
आयुर्वेदाचार्य
क्या आप भी लंबे समय से परेशान हैं
गठिया, माइग्रेन, गुप्त और यौन रोग, एलर्जी, दमा, थाइराइड, बी.पी., शुगर अन्य सभी बिमारी का आयुर्वेद से सफल इलाज
समय : सुबहः 07.00-10.00 से दोपहरः 03.00-8.00
फोन नं. 898660318/7352520011
कृप्या फोन से अपना अपावइंटमेंट ले लें।
पताः- टाइगर हिल, मोराबादी, रांची, झारखंड।

BALAJEE UDYOG
एक बार अवश्य पधारें
Adding value since 2009
Distributors : bathsense, ESSESS, Flowkem, Glocera, m-seal, ASTRAL, Racold
BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
Plot No. 767, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN, KOKAR, RANCHI
Mob. : 9534207055 / 93869-09008 / 0651-3554978 • Email : balajee_udyog@rediffmail.com

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

PERFECT AQUA
सेल सर्विस एंड स्पेयर पार्ट्स
रिटेल एंड होलसेल
COMMERCIAL RO
IRON REMOVER
RO PLANT
CALL NOW
9431701163, 8340320390
PERFECT SERVICE
H.B Road, Kokar, Ranchi, Jh.
perfectaqua345@gmail.com
पानी चेक की सुविधा उपलब्ध फ्री

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**